



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 35 अंक 244 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 04 जून 2024 डाक 05 जून 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
लोकसभा चुनाव परिणाम की पूर्व संध्या पर पटना में एनडीए समर्थक मिठाई तैयार करते हुए





**देश-विदेश**
इमरजेंसी मीटिंग बुलाओ, सुप्रीम कोर्ट ने जल संकट पर अपर यमुना रिवर बोर्ड को दिया निर्देश






**फीचर पेज**
केले के फायदे कर देंगे आपको हैरान सेहत ही नहीं त्वचा के लिए भी है वरदान




### शुरुआती रुझानों में एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर

# भाजपा अपने दम पर बहुमत से बहुत पीछे जैसे-तैसे बन सकती है एनडीए की सरकार




**नईदिल्ली, 04 जून [एजेंसी]।**

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में करीब दो महीने चली लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के लिए आज निर्णायक दिन है। संसद के निचले सदन लोकसभा की कुल 543 में से 542 सीटों पर मतगणना जारी है। बहुमत के लिए 272 सांसदों का जीतना जरूरी है। सूरत लोकसभा सीट पर भाजपा पहले ही जीत दर्ज कर चुकी है, क्योंकि यहां भाजपा प्रत्याशी के सामने कोई उम्मीदवार नहीं था। इस बार मुख्य मुकाबला भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए और कांग्रेस की अगुवाई वाले आईएनडीआईए के बीच हुआ। अब तक की मतगणना किसी टी-20 मुकाबले से कम नहीं रही। शुरू में एनडीए को भारी बढ़त दिखाई गई, बाकी में आईएनडीआईए ने जबरदस्त वापसी की। अब फाइनल नतीजे का इंतजार है। मतगणना शुरू हो चुकी है और रुझानों में NDA ने फिर से बहुमत पा लिया है। I.N.D.I.A. अब पीछे हो गया है। एग्जिट पोल्स में फिर मोदी सरकार की वापसी का अनुमान जताया गया था।

चुनाव आयोग ने सभी 543 सीटों पर रुझान जारी कर दिए हैं। रुझानों में एनडीए को बहुमत मिल रहा है, लेकिन भाजपा बुहमत से काफी पीछे है। कांग्रेस उम्मीदवार द्वारा नाम वापिस लेने के बाद पार्टी ने नोटा को वोट देने की अपील की थी। यहां भाजपा उम्मीदवार शंकर लालवानी करीब 4 लाख वोटों से आगे हैं। महाराष्ट्र के रुझानों में I.N.D.I.A. को बढ़त मिलती दिख रही है। एनडीए को बड़ा नुकसान हो रहा है। रुझानों में अमेठी से स्मृति ईरानी पीछे चल रही हैं। यहां से कांग्रेस उम्मीदवार किशोरीलाल 19 हजार वोटों से आगे चल रहे हैं। यूपी के रुझानों में समाजवादी पार्टी 34 सीटों पर आगे चल रही है। यहां I.N.D.I.A. गठबंधन 42 सीटों पर आगे है। हरियाणा में बड़ा उलटफेर देखने को मिल रहा है। कांग्रेस भाजपा से आगे निकल गई है। कांग्रेस 5, भाजपा 4 तो आप 1 सीट पर आगे है। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने पीएम मोदी पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि ये रुझान बताते हैं कि वर्तमान पीएम भूतपूर्व प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। यह उनकी नैतिक और राजनीतिक हार है। चुनाव आयोग ने सभी 543 सीटों पर रुझान जारी कर दिए हैं। रुझानों में एनडीए को बहुमत मिल रहा है, लेकिन भाजपा बुहमत से काफी पीछे है। रुझानों में भाजपा बुहमत से काफी पीछे हो गई है। फिलहाल पार्टी 236 सीटों पर आगे है। वहीं चुनाव आयोग के आधिकारिक रुझानों के मुताबिक, एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद से उम्मीदवार असदुद्दीन ओवैसी 15461 वोटों के अंतर से आगे चल रहे हैं। वोटों की गिनती जारी है।

### इंदौर से शंकर लालवानी आगे, नोटा बना लखपति

इंदौर भाजपा के शंकर लालवानी को छह लाख 64 हज़ार 686 मत 20 राउंड बाद मिले। नोटा एक लाख 14 हज़ार 363 । बसपा के संजय सोलंकी को 28277 मत मिले। शंकर लालवानी को 20 राउंड को पाँच लाख 50 हज़ार 323 की लीड।

### नरसिंहपुर के गाडरवारा में मतगणना रोकी पुलिस ने कांग्रेसियों को किया गिरफ्तार

होशंगाबाद लोकसभा के नरसिंहपुर की गाडरवारा विधानसभा की वोटिंग मतगणना कांग्रेसियों ने रोक दी है। कांग्रेस नेताओं का कहना है, कि ईवीएम मशीन जमा कराते समय 80 प्रतिशत से लेकर 75 प्रतिशत बैटरी चार्ज थी, लेकिन अभी सभी मत पेटियां 99 प्रतिशत चार्ज बता रही हैं। पुलिस ने कांग्रेसियों को गिरफ्तार किया है।

## हार की ओर बढ़ीं स्मृति ईरानी, मोदी सरकार के कई मंत्री पीछे



रुझान देखकर कांग्रेस ऐक्टिव हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि कांग्रेस टीडीपी और जेडीयू के साथ संपर्क साधने जा रही है। ये दोनों ही दल हाल ही में एनडीए में शामिल हुए थे। फिलहाल आजमगढ़ से बीजेपी के निरहुआ पीछे चल रहे हैं। वहीं धर्मेंद्र यादव ने बढ़त बना ली है। चंदौली से महेंद्रनाथ पांडेय पीछे हैं। वाराणसी में अजय राय पीछे चल रहे हैं। मिर्जापुर से अनुप्रिया पटेल पीछे चल रही हैं। फिलहाल एनडीए 291 सीटों पर आगे है और 230 सीटों पर इंडिया गठबंधन आगे है। ओडिशा की पुरी सीट से संबित पात्रा आगे चल रहे हैं। वहीं राजस्थान की बीकानेर सीट से केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल आगे हैं। कोटा लोकसभा सीट से ओम बिड़ला आगे चल रहे हैं। गांधीनगर सीट से अमित शाह जीत रहे हैं। हमीरपुर सीट से अनुराग ठाकुर आगे चल रहे हैं। विदिशा से शिवराज सिंह चौहान आगे चल रहे हैं। मेघालय की एक सीट पर चुनाव परिणाम आ गया है और यहां कांग्रेस के प्रत्याशी विजयी हुए हैं। उत्तर प्रदेश में क्लोज फाइट चल रही है। इंडिया गठबंधन 40 तो एनडीए 39 सीटों पर आगे है। अमेठी सीट पर केएल शर्मा 17 हजार वोटों से आगे हैं। संजीव बालियान 14 हजार वोटों से पीछे हैं। रामपुर से एसपी कैंडिडेट आगे चल रहे हैं। अखिलेश यादव और डिंपल यादव अपनी-अपनी सीटों से आगे चल रहे हैं।

## जेडीयू और टीडीपी के सहारे चलेगी मोदी की सरकार!

ऐसे में इस बार मजबूत सरकार के लिए भाजपा को अपने सहयोगी दलों पर डिपेंडेंट रहना होगा। लेकिन भाजपा को यह बात अच्छे से पता है कि उसके लिए इस बार राह आसान नहीं होने वाली है। इसका बड़ा कारण यह है कि चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी और नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जदयू ने 15-15 सीटों पर अपनी बढ़त बना रखी है। लोकसभा चुनाव को लेकर आज वोटो की गिनती हो रही है। इन सब के बीच अभी तक जो रुझान आए हैं, उसके मुताबिक एनडीए गठबंधन को बढ़त हासिल होती हुई दिखाई दे रही है। 2014 और 2019 में अपने दम पर सरकार बनाने वाली भाजपा को इस बार पूर्ण बहुमत मिलती हुई दिखाई नहीं दे रही है। भाजपा 242 सीटों पर जीतती हुई दिखाई दे रही है जबकि बहुमत का आंकड़ा 272 है। ऐसे में इस बार मजबूत सरकार के लिए भाजपा को अपने सहयोगी दलों पर डिपेंडेंट रहना होगा। लेकिन भाजपा को यह बात अच्छे से पता है कि उसके लिए इस बार राह आसान नहीं होने वाली है। इसका बड़ा कारण यह है कि चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी और नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जदयू ने 15-15 सीटों पर अपनी बढ़त बना रखी है। इसका मतलब साफ है कि दोनों पार्टी मिलकर 30 सीटें हो रही हैं। ऐसे में कहीं ना कहीं भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को इन्हीं दोनों दलों के सहारे चलना होगा। हालांकि इतिहास चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार को लेकर कुछ अलग बात ही कहता है। दोनों नेताओं का पलटने का इतिहास रहा है। यह कब किसके साथ रहेंगे और किससे दूरी बना लेंगे, यह कहा नहीं जा सकता है।

## भाजपा की कंगना रनौत 44,477 मतों से आगे



**मंडी।** चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार, भाजपा की कंगना ने 44,477 वोटों (3,20,863 वोटों के साथ) के अंतर से अपनी बढ़त जारी रखी, जबकि कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह 2,76,386 वोटों के साथ पीछे चल रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में स्थित मंडी, बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के लोकसभा चुनाव 2024 में उम्मीदवार के रूप में राजनीतिक शुरुआत करने के कारण आम चुनावों में उल्लेखनीय बन गया।

भाजपा की उम्मीदवार कंगना रनौत कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह के खिलाफ हॉट सीट पर चुनाव लड़ रही हैं, जो रामपुर राजघराने के उत्तराधिकारी और हिमाचल प्रदेश के छह बार मुख्यमंत्री रहे दिवंगत वीरभद्र सिंह के बेटे हैं।

## 400 पार के नारे के साथ ढिंढोरा पीट रहे थे अब क्या हुआ, पवन खेड़ा का बीजेपी पर तंज

**नईदिल्ली, 04 जून [एजेंसी]।**

लोकसभा चुनाव के मतगणना के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने इंडिया गठबंधन की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि इस बार कांग्रेस भारी मतों से सभी सीटों पर जीत का परचम लहराने जा रही है। इसके अलावा, उन्होंने बीजेपी के 400 पार के नारे पर भी तंज कसा। पवन खेड़ा ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा, मैं शुरुआती रुझान के बारे में अंतिम तौर पर कुछ नहीं कह सकता हूं, लेकिन एक बात जरूर कहना चाहूंगा कि जनता को जो फैसला करना था, वो कर लिया है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा, जो बीजेपी 400 पार के नारे को लेकर जगह-जगह ढिंढोरा पीट रही थी, शेयर मार्केट में खेल रही थी, हर जगह हवा-बाजी कर रही थी। अब उसे भी अपनी असली हकीकत के बारे में पता चल गया है कि असल में मौजूदा समय में जनता का मूड क्या है। उन्होंने कहा, अगर वाराणसी में प्रधानमंत्री दो राउंड में पिछड़ते हुए नजर आ रहे हैं, तो उससे साफ जाहिर होता है कि मौजूदा समय में देश का मूड क्या है। वहीं, इस रूझान को लेकर मैं अंतिम तौर पर कुछ नहीं कह सकता, क्योंकि यह बहुत ही शुरुआती रूझान है।

इसलिए मैं यही कहूंगा कि अभी हम सभी को इंतजार करना चाहिए, मगर यही रुझान आगे चलकर हमारे पक्ष में नतीजों के रूप में तब्दील होंगे। इसके अलावा, पवन खेड़ा ने पंजाब की मौजूदा राजनीतिक स्थिति को भी कांग्रेस के पक्ष में बताया। उन्होंने कहा कि पंजाब में हमें बिल्कुल अच्छे नंबर मिलने जा रहे हैं।

## कोयले की आड़ में आयात की जा रही 9.65 करोड़ रुपये की सुपाड़ी जब्त

**नवी मुंबई, 04 जून [एजेंसी]।**



नवी मुंबई के न्हावा शेवा स्थित 'जवाहरलाल नेहरू कस्टम हाउस' (जेएनसीएच) ने डामर के कोयले की आड़ में आयात की जा रही 189.6 मीट्रिक टन सुपाड़ी जब्त की है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। सुपाड़ी की अनुमानित कीमत 9.65 करोड़ रुपये बताई गई है। उन्होंने बताया कि जेएनसीएच में विशेष खुफिया एवं जांच शाखा (एसआईआईबी) द्वारा की गई कार्रवाई में आयातक निर्यातक कोड (आईईसी) धारक कंपनी के एक निदेशक को गिरफ्तार किया गया।

जेएनसीएच की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि इन सुपाड़ियों को लकड़ी के डिब्बे में काले प्लास्टिक के बैग में लपेट कर रखा जाता था जिससे जांच के दौरान से डामर के कोयले जैसे प्रतीत हों। बयान के अनुसार कोयले की आड़ में सुपाड़ी के आयात में करीब 11.63 करोड़ रुपये के सीमा शुल्क की चोरी के प्रयास किए गए।

## चुनावी रुझानों से मार्केट धड़ाम एक झटके में लाखों करोड़ स्वाहा

**नईदिल्ली।** एक ओर देश में लोकसभा चुनाव के वोटों की गिनती जारी है, तो वहीं दूसरी ओर जो रुझान आ रहे हैं, वो शेयर बाजार पसंद नहीं आ रहे। शेयर बाजार में कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई और ये देखते-देखते सुनामी में तब्दील हो गई। BSE Sense& 6000 अंक से ज्यादा टूटकर कारोबार कर रहा था, तो वहीं NSE Nifty 1900 अंक से ज्यादा फिसल गया था। शेयर बाजार में मंगलवार को शुरू हुआ गिरावट का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीएसई का सेंसेक्स 1700 अंक टूटकर ओपन हुआ था और दोपहर 12.20 बजे तक ये 6094 अंक की गिरावट लेते हुए 70,374 के लेवल पर आ गया। वहीं दूसरी ओर निफ्टी इंडेक्स करीब 1947 अंक की भारी गिरावट के साथ फिसलकर 21,316 के लेवल पर ट्रेड कर रहा था। Sense& 7.97 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है, जबकि NIFTY 50 में 8.37 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। बीते कारोबारी दिन सोमवार को जहां सेंसेक्स 2500 अंक और निफ्टी 733 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ था, वहीं आज उससे ज्यादा रफ्तार से दोनों इंडेक्स में गिरावट देखने को मिल रही है।

## असम में बाढ़ से दस जिलों के 6.25 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित, पांच की मौत, 577 गांव जलमग्न



**गुवाहाटी।** बाढ़ प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य असम में सोमवार को पांच और लोगों की मौत हो गई। राज्य के 10 जिलों में 6.25 लाख से अधिक लोग अभी बाढ़ की चपेट में हैं। एक अधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की दैनिक रिपोर्ट के मुताबिक, कछार जिले के सोनई में तीन लोगों और सिलचर राजस्व सर्किल में एक व्यक्ति की बाढ़ के कारण मौत हो गई। इसके साथ ही इस साल बाढ़, भूस्खलन और तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 23 हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि कछार, धेमाजी, डिब्रूगढ़, दीमा हसाओ, हैलाकांडी, होजई, पश्चिम कार्बी आंगलोंग, करीमगंज, मोरीगांव और नगांव जिलों में बाढ़ के कारण 6,25,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए।इसमें कहा गया है कि नगांव सबसे ज्यादा प्रभावित जिला है, जहां 3.64 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। इसके बाद कछार में 1.36 से ज्यादा लोग और होजई में 90 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। रविवार तक राज्य के दस जिलों में करीब 5.35 लाख लोग प्रभावित थे। प्रशासन छह जिलों में 191 शिविर चला रहा है।





**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## तेज रफ्तार वाहन के सड़क डिवाइडर से टकराने से दो लोगों की मौत, तीन घायल

**नूंह 04 जून [एजेंसी]।**



हरियाणा के नूंह जिले में कोलगांव के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार एक वाहन (एसयूवी) के सड़क डिवाइडर से टकरा जाने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा रविवार रात हुआ था।

उसने बताया कि इस हादसे में 35 वर्षीय रोहित गुप्ता और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि इस घटना की सूचना मिलने के बाद फिरोजपुर झिरका से एक टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां रोहित और एक अन्य व्यक्ति विकास (34) को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अन्य तीन लोगों को इलाज के लिए गुरुग्राम और दिल्ली के अस्पताल में रेफर कर दिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

# क्रिकेट सट्टे में 5 करोड़ का ट्रांजेक्सन पुलिस ने दबोचा सटोरिए को



कोरबा। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र कुमार मीना एवं कोरबा पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी सायबर सेल को आई.पी.एल. क्रिकेट मैच 2024 के सीजन में वर्ड कप क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा खेलने / खिलाने वालों एवं इस कारोबार में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही क्रिकेट सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है।इसी क्रम में थाना बालको के अपराध क्रमांक 286/24 धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7,8 एवं 66 (सी) आई.टी. एक्ट के प्रकरण में एण्टी सायबर सेल तथा थाना बालको पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सूचना मिली कि जय प्रकाश सोनी निवासी गांधी चौकी कोरबा लोगों से ऑनलाइन वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच में सट्टे का दावा लगाने के लिए लोगों से पैसा लेकर उनके दाव लगवा रहा है। पुलिस टीम के द्वारा उक्त स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी जय प्रकाश सोनी पिता नथ्थुलाल सोनी उम्र 41 वर्ष साकिन गाधी चौक कोरबा थाना कोतवाली कोरबा को पकडा गया उसके कब्जे से मोबाइल फोन मिला आरोपी द्वारा अवैध रूप से मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन वर्ड कप क्रिकेट मैच में सट्टा खेलने एवं खिलाना मिला। उसके मोबाइल में कई बैंकों के खाते से पैसे का लेनदेन करते मिला आरोपी से इस संबंध में पूछा गया तो उसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए वर्ड कप क्रिकेट मैच में सट्टा खिलवाना स्वीकार किया। साइबर सेल टीम के द्वारा आरोपी जय प्रकाश सोनी के बैंक खातों का बारीकी से अध्ययन किया गया जिस पर आरोपी के द्वारा कई अलग-अलग बैंक खातों में लगभग 5,0000000 करोड रुपए का ट्रांजैक्शन मिला। गिरफ्तार सटोरियों से पूछताछ एवं ऑर्गनाईजेशनल इनपुट में पाया गया कि उनके अन्य साथी चापा में बैठकर कृष्णा बुक पैनल के माध्यम से सट्टा संचालित कर रहे है।जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र कुमार मीना के मार्गदर्शन में टीम का बनाकर जांजगीर चांपा रवाना किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा चांपा पहुंच कर सटोरियों की पतासाजी करते हुए सटोरियों को लोकेट किया गया जो कि चापा के न्यू शकर नगर के किराये के मकान नं. 269 मे रहकर सट्टा खिला रहे थे। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा उसी मकान की रेकी कर रहे थे तथा प्रत्येक व्यक्ति के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे थे पूरे लोगों की उपस्थिति होते ही मकान में रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान मकान में कुल 05 व्यक्ति उपस्थित थे, जो लैपटॉप एवं मोबाईल फोन से सेटअप तैयार कर ऑनलाईन सट्टा संचालित कर रहे थे।

# बिजली की आंख मिचौली से त्रस्त ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



कोरबा। बिजली की आंख मिचौली ने उपभोक्ताओं को परेशान कर दिया है। भीषण गर्मी में बिजली गुल होने से लोगों की परेशानी बढ़ रही है। बिजली विभाग के खिलाफ लोगों का आक्रोश भडक़ने लगा है। गांधीनगर सिरकी में लोगों का ऐसा ही आक्रोश देखने को मिला।

गांधीनगर सिरकी में 36 घंटे से बिजली नहीं होने से परेशान लोगों ने चक्काजाम कर दिया। इससे मार्ग में दोनों तरफ भारी वाहनों की कतार लग गई। ग्रामीणों का कहना है कि प्रबंधन द्वारा शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं किया जा रहा है। बिजली नहीं होने की वजह से पेयजल की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। गर्मी के दिनों बिजली, पानी नहीं मिलने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली नहीं होने की वजह से लोगों ने प्रबंधन को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि प्रबंधन द्वारा प्रभावित लोगों की समस्या निराकरण के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। केवल अपना काम निपटाने की रणनीति बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि जब तक समस्या का निदान नहीं किया जाता है, तब तक आंदोलन जारी रखा जाएगा। बिजली- पानी नहीं होने से क्षेत्र के लोग परेशान है, साथ ही मवेशियों को भी पानी नहीं मिल पा रहा है।

# मवेशी व्यापारी का लायसेंस रद्द

कोरबा । छुरीकला विकासखंड कटघोरा में गौ सेवा संगठनों द्वारा 105 पशुओ को नगर पंचायत छुरी के ग्राम बिन्झपुर अहिरन नदी के किनारे से ले जाते हुए पकड़ा गया। जिस पर कटघोरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। प्रकरण पर कलेक्टर कोरबा के समक्ष भी शिकायत दर्ज करायी गयी थी। प्रकरण पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर कोरबा द्वारा श्री दुकालू राम केवट के विरुद्ध व संतोष के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने निर्देशित किया गया है।

चूँकि श्री दुकालू राम केंवट के नामे पशु व्यापारी पंजीयन लायसेंस बना हुआ है एवं संज्ञान अनुसार उनके विरुद्ध पूर्व वर्षों में भी पशु तस्करी समबन्ध में प्रकरण दर्ज किये गए थे। उक्त के आलोक्य में उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएँ जिला कोरबा द्वारा कलेक्टर कोरबा के निर्देश पर श्री दुकालू राम केवंट को 03 बिन्दुओ में जवाब माँगा गया है कि उनके द्वारा 105 पशु कहाँ से क्रय किये गए ? किन मार्गो से छुरी लाया गया एवं पशुओं के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र की प्रति सह पशु क्रय की रसीद प्रस्तुत करें। जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर कृषिक पशु संरक्षण अधिनियम के तहत पशु व्यापारी का लायसेंस रद्द करने की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही शिकायत पर लापरवाही बरतने पर विभागीय अधिकारी डॉ. कमल कुमार गुप्ता प्रभारी विकासखंड कटघोरा को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# कोयलांचल में राहगिरो को किया गया छाछ व मट्ठा का वितरण




दीपका। छत्तीसगढ़ पुलिस के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सजग कोरबा के तहत दीपका पुलिस एवम प्रेस क्लब गेवरा दीपका के संयुक्त सौजन्य से दीपका चौक में भीषण गर्मी से बचाने के लिए राहगीरों को छाछ मट्ठा पिलाई गई एवम विभिन्न ठगी और बैंक फ्रॉड पर जागरूक करते हुए उठाईगिरी एवम साइबर क्राइम से बचने के उपाय समझाए गए ।

कार्यक्रम के दौरान सोमवारी बाजार का उपयुक्त समय देखते हुए अधिक से अधिक संख्या में लोगों को राहत देने शीतल पेयजल वितरित किया गया एवम कोरबा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशानुसार एवम दीपका थाना प्रभारी युवराज तिवारी के नेतृत्व में बैंक , ऑनलाइन ट्रासिक्शन , एटीएम , ठगी उठाईगीरी से संबंधित विषयों पर जागरूक किया गया ।पूरे कार्यक्रम में दीपका थाना के एएसआई परमेश्वर राठौर सहित दीपका पुलिस स्टाफ एवं प्रेस क्लब गेवरा दीपका के अध्यक्ष आरती मनोज महतो सहित समस्त पदाधिकारियों एवम सदस्यों सहित क्षेत्र के सम्मानित सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा । जिनमे प्रमुख रूप से मनोज शर्मा,अनूप यादव,अभिषेक सिंह,संतोष राजपूत आदि सम्मिलित थे।

# कोरबा के नंबर की कार टकराई बस से,दो मृत



कोरबा। पत्थलगांव-रांची सड़क मार्ग पर ग्राम गुमला के निकट एक गंभीर सड़क दुर्घटना में बस की टक्कर से एक कार बुरी तरह से छतिग्रस्त होने की जानकारी मिली हैं। कार सवारों में दो लोगो की घटनास्थल पर ही मृत्यु होने की भी जानकारी मिली हैं, तथा एक बच्चा और दो अन्य लोगो को भी गंभीर चोटे आई हैं। यह भी बताया गया हैं की कार के ऊपर सीजी 12 बीजी 3865 नंबर लिखा हुआ हैं। इस घटना को लेकर यह भी बताया गया हैं की यह कार कोरबा से संबंधित हैं। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है, और मृतकों की पहचान की कोशिश में जुटी हुई है।

# दामिनी एप्प गाज गिरने से पहले कर देगा सतर्क,अनहोनी घटना से मिलेगी राहत

कोरबा ।इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी (आईआईटीएम) पुणे और मौसम विज्ञान विभाग ने मिलकर एक ऐसा एप्प बनाया है जो आपको बताएगा कि आपके चारों ओर 20 से 31 किमी के दायरे में गाज गिरने की संभावना है या नहीं। इस एप्प को दामिनी नाम दिया गया है। जिले में कुछ ही दिनों में बारिश का मौसम शुरू होने वाला है। बारिश के दिनों में गाज गिरने से कई बार बाहर काम कर रहे या फिर किसी पेड़ के नीचे ठहर जाने वाले चपेट में आ जाते हैं। इस तरह गिरने वाली आकाशीय बिजली की चपेट में बड़ी संख्या में जिले के लोग आ जाते हैं। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से न सिर्फ जन हानि होती है, बल्कि खेतों में चरने वाले मवेशी भी इसकी चपेट में आ जाते हैं। इससे जन धन दोनों की हानि होती है। गाज गिरने की संभावना से अलर्ट करने के लिए आईआईटीएम पुणे ने एक मोबाइल एप्प बनाया गया है, जिसे दामिनी नाम दिया गया है। इस एप्प को चालू करने से 30 किलोमीटर के दायरे में यदि बिजली चमक रही हो तो उसकी सूचना दिख जाएगी।

**किसानों के लिए फायदेमंद मेघदूत**

मौसम विभाग ने मेघदूत नाम का भी एक एप्प विकसित किया है जो किसान की फसलों का सुरक्षा कवच साबित होगा। मेघदूत एप्प डिजिटल इंडिया के तहत किसानों को तकनीक से जोड़ने के लिए भारत सरकार द्वारा लॉन्च किया गया है। इसके माध्यम से मौसम की जानकारी के आधार पर किसानों को फसल जोखिम प्रबंधन से संबंधित सलाह मिलती है।

**गूगल प्ले स्टोर से एप्प कर सकते हैं डाउनलोड**

यह एप्प उन क्षेत्रों के लोगों के लिए बहुत ही उपयोगी है, जिस एरिया में आकाशीय बिजली अधिक गिरती है। इस एप्प से गाज से होने वाली जनहानि और धन हानि को रोका जा सकता है। इस एप्प को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस एप्प पर रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत व्यक्ति की लोकेशन के अनुसार उस स्थान में आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी के बारे में ऑडियो संदेश एवं एसएमएस के माध्यम से अलर्ट मिलेगा।

# प्रसव के एवज में नर्स ने मांगा रूपए,हुई शिकायत

कोरबा। गर्भवती महिला का प्रसव कराने के एवज में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ नर्स के द्वारा रुपये मांगे जाने का मामला सामने आया है। चिकित्सा अधिकारी ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

रविवार रात को ग्राम चोढ़ा निवासी गर्भवती महिला राजेश्वरी आर्मो पति शिव आर्मो को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन प्रसव के लिए विकासखंड पाली अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार पहुंचे। रात्रि पाली में जहां दो स्टाफ नर्स प्रीति देवांगन एवं सहयोगी नर्स उपस्थित थे। दोनों ने गर्भवती का सही प्रसव कराने के एवज में नकद पांच हजार रुपये की मांग की अन्यथा प्रसव नहीं करा पाने की बात कही। गर्भवती महिला के परिजन इतवारा बाई ने बताया कि स्टाफ नर्स ने यह भी कहा कि रुपये शीघ्र दें नहीं तो शिफ्ट बदल जायेगा।



इसी तरह कुछ दिन पूर्व भी नर्स प्रीति देवांगन ने प्रसव कराने के एवज में सावित्री जगत से भी रात्रि में दो हजार रुपये लिया था। इसकी शिकायत पर ग्राम सरपंच अनुसुइया कंवर, पूर्व सरपंच युवराज सिंह कंवर, कोटवार लखन दास महंत व पंच सावित्री जगत ने अस्पताल पहुंच कर हितग्राही से पूछताछ किया। सरपंच प्रतिनिधि युवराज सिंह कंवर ने बताया कि आए दिन स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार में खासकर रात के समय स्टाफ नर्स के द्वारा डीलवरी कराने के एवज में पैसा की मांग करने की शिकायत मिली है। इसकी लिखित शिकायत पंचायत की ओर से सहायक चिकित्सा अधिकारी युधेश सांडे को सौंपा गया है।

## नल जल योजना के कार्य में लगा भ्रष्टाचार का आरोप

कोरबा। जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत केराकछार में नल जल योजना के तहत किए गए कार्यों में गुणवत्ताहीन कार्य व भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया गया है। मामले में उपसरपंच, पंच व ग्रामीणों ने शिकायत कोरबा जिला कलेक्टर से की है। ग्राम पंचायत केराकछार के उपसरपंच, सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा की गयी शिकायत में कहा गया है कि नल जल योजना के कार्य में ठेकेदार द्वारा व्यापक स्तर पर गुणवत्ताहीन कार्य किया गया है। लोटानपारा मोहल्ला में जेसीबी के द्वारा पूरे रोड की खुदाई कर दी गई है। पूरे गांव के सीसी रोड को जगह-जगह खोदकर छोड़ दिया गया है। जिसकी आज तक मरम्मत नहीं की जा रही है। घर-घर में पानी के लिए बने प्लेटफार्म व पाइप गुणवत्ताहीन है। जिसके कारण वह उपयोग होने से पहले टूट गए हैं।

वर्तमान में लगभग 380 घरों में पानी पहुंच रहा है। जहां पानी पहुंच रहा है वहां भी मात्रा पर्याप्त नहीं है। ठेकेदार द्वारा ग्राम पंचायत के किए गए टंकी, बोरवेल्स में अपना पंप लगाकर सप्लाई की खानापूर्ति की जा रही है। बजरंग चौक से दुकाल सागर तक 15 वर्ष पूर्व बने टंकी में गंदगी बनी हुई है जिसे सफाई कराई जाए। उन्होंने नल जल के कार्यों की जांच कर कार्यवाही की मांग करी है।

# उद्योग मंत्री देवांगन ने अधीक्षण अभियंता को लिखा पत्र

कोरबा । कोरबा जिले के ग्राम पंचायत दोंदरो के आश्रित ग्राम बेलाकछार को पाड़ीमार जोन के फीडर से बिजली आपूर्ति और छह महीना पहले स्वीकृत ट्रांसफार्मर को ग्राम में लगाने की मांग पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने जरूरी कार्यवाही करने अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखा है। वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री के समक्ष क्षेत्र के पूर्व जनपद सदस्य कौशल प्रसाद पटेल ने ज्ञापन देकर यह मांग की थी। ज्ञापन में बताया गया है कि बालको क्षेत्र के ग्रामो की बिजली आपूर्ति पुराने विद्युत तारों से हो रही है। इससे बार-बार पॉवरकट की समस्या है। संगम नगर बालको के किनारे बसे बेलाकछार में स्कूल मोहल्ले के पास नया ट्रांसफार्मर लगाने को 6 महीना पहले मंजूरी मिल चुकी है। मगर अब तक वितरण कंपनी ने ट्रांसफार्मर नहीं लगाया है। दूसरी ओर दर्री जोन के फीडर से बिजली सप्लाई की जा रही है, इससे समस्या अधिक बढ़ गई है। बिजली फाल्ट आने पर समय पर सुधार कार्य नहीं होता है। पाड़ीमार जोन के फीडर से बेलाकछार व आसपास के ग्रामो को बिजली आपूर्ति की जाए। इस पर वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने जरूरी कार्यवाही करने बाबत बिजली वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखा है।

## नियम विरुद्ध वेतन का किया भुगतान,बीईओ निलंबित

कोरबा ।अनियमितता का आरोप लगने पर कटघोरा विकासखंड के बीईओ को निलंबित किया गया है। आरोप हैं की उनके द्वारा आर्थिक अनियमिता की गई और फर्जी उपस्थिति के आधार पर महिला शिक्षिका को 31 महीने का वेतन जारी कर दिया। इसकी शिकायत मिलने पर डीपीआई ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी को निलंबित कर दिया है।

जानकारी के अनुसार गोपालपुर माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक सितंबर 2018 से चिकित्सा आवेदन पर अवकाश पर चली गई थीं। इस अवधि में जून 2022 को बिना कार्यभार ग्रहण किए सेवानिवृत्त हो गईं। आरोप हैं की बीईओ ने फर्जी उपस्थिति पंजी बनाकर 31 माह का 24.91 लाख का भुगतान कर दिया। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी की जांच में शिकायत सही सिद्ध होने पर कार्यवाही की गई है।

# 2 करोड़ खर्च करने के बावजूद पहचान खो रहा यह तालाब

कोरबा। शहर के बीच स्थित पुराने तालाब का 5 साल पहले सौंदर्यीकरण किया गया। तब प्लान था कि पानी के इंतजाम के लिए तालाब के गहरीकरण के साथ गार्डन का निर्माण किया जाएगा। बच्चों के लिए मोटर बोट चलाने की भी योजना थी। काम में लेट लतीफी हुई। कई बार बजट को रिवाइज भी किया गया। आखिरकार सौंदर्यीकरण का काम पूरा भी हो गया। पाथवे के साथ स्ट्रीट लाइट लगा दिए गए, सुंदर बाउंड्रीवाल बनाया गया, लेकिन जिससे किसी तालाब की पहचान होती है, पानी ही तालाब से नदारद है। कभी कल-कल जल बहने वाला तालाब अब



सूखे मैदान की तरह दिखने लगा है। हम बात कर रहे हैं मुड़ापार तालाब की। औद्योगिक शहर होने के कारण कोरबा दिनों दिन गर्म होता जा रहा है। तापमान गर्मियों में 46 डिग्री के आसपास पहुंच चुका है। मुड़ापार तालाब जिस जगह पर है। उसके चारों ओर पॉश रिहायशी इलाका है। बड़े-बड़े अपार्टमेंट बने हुए हैं। तालाब रहने से मनोरम नजारा देखने को मिलता था। जानकारों की मानें तो ऐसे तालाब पर्यावरण के लिए किसी धरोहर से कम नहीं होते। ग्राउंडवाटर लेवल को रिचार्ज करने के साथ ही वह अपने आसपास के तापमान को लगभग 5 डिग्री सेल्सियस तक कम कर देते हैं। पर्यावरण के लिए बेहद उपयोगी ग्राउंडवाटर लेवल होता है। कोरबा में पहले कई तालाब थे, लेकिन सारे या तो बेजाकब्जा की भेंट चढ़ गए या उन्हें पाट दिया गया है। इन सभी तालाबों में से मुड़ापार का ये तालाब सबसे बड़ा है, जिसका क्षेत्रफल काफी बड़ा है।दो तीन साल पहले तक इस तालाब में 12 महीने पानी भरा रहता था, लेकिन कुछ समय पहले इस तालाब का सौंदर्यीकरण किया गया और अब इस तालाब में एक बूंद पानी भी नहीं बचा है। तालाब के सूखने के पीछे एक बड़ा कारण यह भी सामने आ रहा है कि

# स्पेशल ट्रेन के फेरे में विस्तार

कोरबा। बिलासपुर-यशवंतपुर-बिलासपुर के बीच चल रही द्वि-साप्ताहिक सुपर-फास्ट समर स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 5 फेरे के लिए विस्तार किया गया है। ऐसा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों को कन्फर्म सीट उपलब्ध कराने के लिए किया जा रहा है।

रेल प्रशासन के मुताबिक बिलासपुर-यशवंतपुर-बिलासपुर के मध्य 08291/08292 बिलासपुर-यशवंतपुर-बिलासपुर द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन 30 मई तक 9 फेरे किया था। इसका विस्तार 17 जून तक (5 फेरे) किया गया है। वहीं 17 जून के दौरान यह गाड़ी बिलासपुर-यशवंतपुर-बिलासपुर की बजाय बिलासपुर-येलहंका-बिलासपुर के मध्य चलेगी।

परिचालन में विस्तार होने के बाद गाड़ी संख्या 08291 बिलासपुर-येलहंका एक्सप्रेस, बिलासपुर से 4, 8, 11 और 15 जून को (हर शनिवार और मंगलवार) को चलेगी। वहीं गाड़ी संख्या 08292 येलहंका-बिलासपुर समर एक्सप्रेस, येलहंका से 3 ,6, 10, 13 और 17 जून 2024 को (हर सोमवार और गुरुवार) को चलेगी।

## उद्योग घरानों को लाभ पहुंचाने पेश किया फेक डाटा

कोरबा। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कोरबा प्रवास के दौरान चर्चा में कहा है कि लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर निकाला जा रहा एग्जिट पोल का डाटा पूरी तरह फेक है, केवल और केवल बड़े-बड़े उद्योग घरानों को लाभ अर्जित कराने के लिए सोची-समझी रिपोर्ट का यह नतीजा है। डॉ. महंत ने कहा कि समझदार लोग यह बात भली-भांति समझ गए हैं किसी औद्योगिक विशेष घराने का शेयर एकाएक 10 प्रतिशत बढ़ जाना एग्जिट पोल की गढ़ी गई कहानी का परिणाम है। डॉ. महंत ने दावा किया कि कोरबा लोकसभा सहित छत्तीसगढ़ की और भी सीटों को कांग्रेस जीतने जा रही है। उन्होंने कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ ही मतगणना अभिकर्ताओं से कहा कि वे फेक डाटा के बल पर बनाये जा रहे मनोवैज्ञानिक दबाव की रणनीति में न आएं बल्कि कांग्रेस के सभी मतगणना अभिकर्ता पूरे उत्साह के साथ पूरी सजगतापूर्वक अपने-अपने मतगणना टेबल पर डटे रहें। एक-एक वोट की गिनती चुनाव में महत्वपूर्ण है।

## मां व बहन की हत्या करने आरोप सिद्ध होने पर आजीवन कारावास

कोरबा। जानकारी के अनुसार कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में मादक पदार्थो का सेवन कर मदहोशी में कुसमुंडा में लगभग 2 साल पहले अपनी मां और बहन की हत्या करने का आरोप सिद्ध होने पर आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। बताया जा रहा हैं की आदर्श नगर कॉलोनी में निवासरत व्यक्ति ने मादक पदार्थो का सेवन कर मदहोशी की हालत में चाकू से अपनी मां व बहन पर हमला कर उनकी हत्या कर दी थी। उक्त मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर उसको जेल भेजा था। मामले की सुनवाई कटघोरा न्यायालय में चल रही थी। जहां शासकीय अतिरिक्त लोक अभियोजक अशोक आनंद ने शासन की ओर से पैरवी की। आरोप सिद्ध होने पर आरोपी को कटघोरा न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## उत्कल एक्सप्रेस से गिरकर मां और दो बच्चे घायल, कराया गया अस्पताल दाखिल

**जांजगीर चांपा।** चांपा रेलवे स्टेशन पर उस वक्त अफरा तफरी का माहौल हो गया जब अचानक एक महिला व 22 वर्षीय बेटी और 3 वर्षीय बेटा उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन से नीचे गिर गई। ट्रेन से नीचे गिरने के दौरान महिला और उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में उस महिला और बच्चो को इलाज के लिए बीडीएम अस्पताल लाया गया जहां इलाज जारी है।

दरसअल पूरा मामला चांपा थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन का है जहां कोरबा की रहने वाली सबीना बेगम अपनी 22 वर्षीय बेटी यासमीन बेगम और 3 वर्षीय बेटा के साथ अपने रिश्तेदारों को उड़ीसा जाने के लिए सोमवार शाम 5 बजे रेलवे स्टेशन चंपा छोड़ने आए हुए थे। उत्कल एक्सप्रेस प्लेटफार्म पर खड़ी हुई थी सबीना बेगम अपने रिश्तेदारों को ट्रेन में बैठाने के लिए अपने बच्चो के साथ ट्रेन पर चढ़ गई,उनको बैठाकर कर जब वह पास अपने बच्चों के साथ वापस लौट रही थी उसी वक्त ट्रेन धीरे-धीरे चलने लगी इस दौरान यह तीनों नीचे उतरते समय हड़बड़ा कर ट्रेन से नीचे गिर गए, जिससे यह ट्रेन की चपेट में आ गए और पैर माँ बेटी के पैर ओर शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।घटना के बाद स्लोगों की मौके पर भीड़ जमा हो गई। वही लोगों ने तत्काल इसकी सूचना 108 को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची 108 टीम के वाहन चालक अरुण साहू और ईएमटी महेंद्र यादव ने तत्काल मौके पर जाकर घायलों को चांपा के बीडीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। स्थानीय पुलिस ने घटना की जानकारी घायल के परिजनों को दी है। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## अवैध परिवहन के मामलों में 10 वाहनों को खनिज विभाग ने जप्त किया

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल खनिज विभाग द्वारा भादा , पीथमपुर, केवा, नवापारा, शिवरीनारायण क्षेत्र में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानो का औचक जॉच किया गया।

खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा जिला जांजगीर चांपा के द्वारा ग्राम भादा , पीथमपुर, केवा, नवापारा एवं शिवरीनारायण क्षेत्रों के जॉच के दौरान खनिज रेत के अवैध परिवहन के 10 प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले कुल 10 वाहनो को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्यवाही में हेमंत चेरपा खनि अधिकारी तथा खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल प्रभारी पी डी जाड़े एवम टीम का सराहनीय योगदान रहा। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जाँच किया जा रहा है। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।



# नौतपा उतरा लेकिन तेवर जारी, सब्जियों की कीमतें बढ़ी



**शिवरीनारायण।** नौपता की गर्मी बढ़ने के साथ ही सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। टमाटर और फूल गोभी का भाव 50 रुपए किलो पहुंचने से मध्यम वर्गीय परिवार का बजट बिगड़ने लगा है। लोग अब कम मात्रा में सब्जी की खरीदारी कर रहे हैं। पिछले सप्ताह तापमान 45 डिग्री पार होते ही बाजार में सब्जियों के दाम बढ़ने लगे। संचालक इसका कारण ओवरहीट से सब्जी की फसल को हो रहे नुकसान को बता रहे हैं। एक सप्ताह में सब्जियों के दाम में खासी वृद्धि हुई है, जो टमाटर 30 रुपए किलो के आसपास बिक रहा था। सोमवार को उसका भाव 50 रुपए पर पहुंच गया है। आलू और प्याज के भाव में बढ़ोतरी हुई है।

आलू 35 रुपए किलो और प्याज 30 रुपए के भाव में बिक रहा है। लहसुन 200 रुपए किलो बिक रहा है। एक महीने पहले 60 रुपए किलो बिकने वाला नींबू अब तेज गर्मी पड़ने के कारण 120 रुपए किलो बिकने लगा है। इसी तरह 50 रुपए किलो बिक रहा परवल व शिमला मिर्च अब 70 से 80 रुपए किलो हो गया है। सब्जी व्यापारियों का कहना है कि गर्मी में लोकल आवक कम होने से अब पड़ोसी राज्य ओडिशा, बैंगलुरू, नागपुर समेत अन्य राज्यों से हाइब्रिड सब्जियां पहुंच रही है। लंबी दूरी के कारण वाहन चालकों ने भाड़ा बढ़ा दिया है। इसका प्रभाव सब्जियों के दाम पर पडा है। वर्तमान में लोग नौपता में सेहत को नुकसान न पहुंचे व बीमार न हो इसको लेकर मसालेदार सब्जी न खाकर हरी सब्जी खा रहे है। इससे बाजार में हरी सब्जी की डिमांड ज्यादा है।

**सलाद भी थाली से बाहर**

तेज धूप खिलने से व्यापारियों ने सलाद में उपयोग आने वाले सभी सब्जियों दाम बढ़ा दिए है। इससे सब्जियों के दाम के साथ ही चुकन्दर 60 रुपए किलो मिल रहा है। वही 12 दिन पहले गाजर बाजार में अधिक मात्रा में पहुंचने के कारण 30-40 रुपए बिक रहा था। जिसका सीजन अब खत्म होने का है। इसके चलते सोमवार को बाजार में गाजर 50 व खीरा 40 रुपए किलो मिल रहा था।

**सब्जी अब फलों के दाम के बराबर**

इस साल आम की अच्छी फसल होने से लोगों को 100 रुपए में किलो भाव के अंदर हर किस्म के आम मिल रहे हैं। वर्षा की पहली फौहार पड़ने पर इसके दाम में और गिरावट होने की संभावना है। इसके अलावा बाजार में केला 50 रुपए दर्जन, अंगूर 80 रुपए किलो, तरबूज 50 से 100 रुपए और खरबूज 50 रुपए किलो भाव में बिक रहा है। सब्जी अब फलों के दाम के बराबर में बिक रहा है।

**आगे राहत की उम्मीद कम**

अब मानसून करीब है और कभी भी बारिश हो सकती है। ऐसे में आगे राहत मिलने की उम्मीद कम है। बारिश होने के बाद लोकल किसान सब्जी की खेती की जगह धान की फसल लेने में व्यस्त हो जाएंगे। इससे लोगों को बाहरी सब्जियों के भरोसे ही रहना पड़ेगा। ऐसे में तीन-चार महीने सब्जियों के दाम में नरमी के आसार कम ही है।

## जाम की समस्या से छुटकारा नहीं

**सक्ती।** दुकान के सामने सड़क किनारे समान फैलाने वालों पर नगर पालिका व राजस्व विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है, इससे लोगों को परेशानी हो रही है। फुटपाथ पर ही कई लोग दुकान लगाते हैं इससे यातायात प्रभावित हो रहा है।बेजा कब्जा धारियों के विरूद्ध प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से उनके हौसले बुलंद हैं। कई लोग तो आधी सड़क पर ही दुकान लगा देते हैं। गौरव पथ रोड की तो यह स्थिति है कि आधे रोड में दुकान लगाकर मालवाहक वाहन को खड़ी कर ड्राईवर गाडी छोड़कर कहीं भी चल देता है इससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है।

इसी प्रकार अग्रसेन चौक के पास इतने ठेले लगे हुए हैंयहां तो रोज जाम की स्थिति रहती है। ट्रैफिक पुलिस भी इस पर कार्रवाई नहीं करती। अग्रसेन चौक में चारों ओर से भारी वाहनों की आवाजाही होती है, इससे जाम की स्थिति बनती है। अगर मालखरौदा तरफ से गाडी अग्रसेन चौक तरफ आती है तो अग्रसेन चौक तक आने में बड़ी गाडी के चलते एवं राहगिरों को बहुत समय लग जाता है। प्रशासन इस ओर कब ध्यान देगा और बेजा कब्जाधारियों के ऊपर कार्रवाई कब होगी तो भी इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

## ग्रामीण मिला जख्मी स्थिति में

**जांजगीर - चांपा।** बलौदा क्षेत्र के नावापारा और बोकरामुड़ा के बीच एक अधेड़ व्यक्ति गंभीर हालत में बेहोशी की हालत में मिला था। सूचना मिलने पर बोकरामुड़ा का सरपंच वहां पहुंचा और 112 की मदद से उस व्यक्ति की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल भेजकर उपचार के लिए भर्ती कराया गया। ग्रामीण के शरीर पर चोट के निशान है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि उसके साथ मारपीट की गई है। वह कुछ बोल नहीं पा रहा है जिसकी वजह से वह कहां का रहने वाला है और उसके साथ क्या घटना घटी है इसका पता नहीं चल रहा है।



## 183 लापता लोगों को विभिन्न क्षेत्रों से खोजने में मिली सफलता

**जांजगीर - चांपा।** जिले के गुम और लापता महिला, पुरूष एवं बालक बालिकाओं को खोजने के लिए अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सभी थाना, चौकी स्तर पर विशेष टीम गठित कर दूसरे राज्य एवं प्रदेश के अन्य जिलों में भेजा गया था। पुलिस ने तीन माह में देश के आठ राज्यों और प्रदेश के विभिन्न जिलों से 183 लापता लोगों को खोज निकाला और उनके स्वजन को सौंपा।

जिले के गुम बालक, बालिका एवं महिला, पुरुषों को पतासाजी करने के लिए एसपी विवेक शुक्ला ने जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए थे। इसके लिए एएसपी राजेन्द्र कुमार जायसवाल नोडल अधिकारी बनाये गए थे। गुम इंसान एवं अपृहत बालक बालिकाओं की पतासाजी के लिए 1 मार्च से 31 मई तक तीन माह तक अभियान चलाया गया। इसके लिए थाना , चौकी स्तर पर टीमों का गठन किया गया था। गठित टीमों के द्वारा जम्मू कश्मीर, तमिलनाडू, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, नोएडा, आगरा एवं अन्य राज्यों से तथा छग के अलग-अलग जिलों से बरामद किया। जिले के 10 बालक एवं 38 बालिका को दस्तयाब कर उनके परिजनों को सुपूर्द किया गया तथा जिले के 43 पुरूष एवं 92 महिलाओं के गुम इंसान के प्रकरणों को भी खोज निकालने में पुलिस को सफलता मिली है। इस प्रकार जिले में कुल 183 अपहत बालक, बालिका एवं गुम पुरुष , महिलाओं की पतासाजी कर उन्हें बरामद किया गया है।

**राजस्थान, उत्तराखण्ड और गुजरात में मिली तीन बालिका**

अकलतरा पुलिस ने 24 मई को अपहृत बालिका को राजस्थान से, नवागढ़ पुलिस ने 30 अप्रैल को अपहृत बालिका को उत्तराखण्ड से तथा पामगढ़ पुलिस ने 12 अप्रैल को अपहृत बालिका को गुजरात से सकुशल बरामद किया और उनके स्वजन के सुपूर्द किया।

## अनाचार के मामले में चांपा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया

**जांजगीर।** चांपा में शिक्षिका से कई बार रेप मामले में ने आरोपी शिक्षक को किया गिरफ्तार कर लिया है जांजगीर चांपा जिले में एक 35 वर्षीय युवती शिक्षिका के साथ उसके ही स्कूल के शिक्षक ने घर में अकेले पाकर दुष्कर्म किया है। आरोपी शिक्षक अश्वनी कुमार साहू 43 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र की है।



मिली जानकारी अनुसार,युवती शिक्षिका ने पामगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई को वह शासकीय स्कूल में पढ़ाती है वही अश्वनी कुमार साहू भी शिक्षक है। दोनो की जान पहचान है। वह किराए के घर में अकेली रहती है। 22 अप्रैल की रात्रि करीबन 10 बजे उसके घर अश्वनी कुमार साहू पहुंचा और जबर जस्ती करते हुए शिक्षिका के साथ दुष्कर्म किया,तब से वह घर जाकर बार बार दुष्कर्म करता रहा। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दिया करता थ। इस बीच 2 जून की रात करीबन 10 बजे फिर अश्वनी कुमार साहू घर आया और हाथ बाह को पकड़ कर अपने तरफ खींचा और जबर जस्ती करते हुए फिर से दुष्कर्म किया। जिससे तंग आकर शिक्षिका ने उसके साथ हो रहे घटना की जानकारी पुलिस को दी। आरोपी के खिलाफ पामगढ़ थाने में धारा 376(2)(ह),506 के तहत मामला दर्ज किया गया।

आरोपी अश्वनी कुमार साहू की गिरफ्तारी के लिए पुलिस तलाश कर रही थी। सूचना मिली की आरोपी अश्वनी कुमार साहू को ग्राम ससहा ने घेरा बंदी कर पकड़ा गया। पुलिस हिरासत में लेकर दुष्कर्म की घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## लायंस क्लब शिक्षण समिति के अग्रवाल चेयरमेन राठौर वाईस चेयरमेन, डॉ. शर्मा सचिव बने



**चांपा।** स्थानीय लायंस क्लब चांपा द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल, चांपा का संचालन करने वाली लायंस क्लब शिक्षण समिति सत्र 2024-25 का गठन किया गया। जिसमें लायन गिरधारी लाल अग्रवाल को सर्वसम्मति से चेयरमेन मनोनित किया गया।

समिति के अन्य सदस्य इस प्रकार है लायन डॉ. के. पी. राठौर वाईस चेयरमेन, लायन डॉ.योगेन्द्र कुमार शर्मा सचिव, लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल संरक्षक, लायन बजरंग अग्रवाल, लायन डॉ. जी. पी. दुबे, लायन सीए सुरेश अग्रवाल, लायन नंदकुमार देवांगन, लायन संतोष कुमार सोनी, लायन रामप्रपन्न देवांगन अध्यक्ष लायंस क्लब चांपा।

लायन गिरधारी लाल अग्रवाल ने चेयरमेन का पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि वे स्कूल के विकास के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे एवं बच्चों की शिक्षा के लिए विशेष ध्यान देंगे।

लायन डॉ. के. पी. राठौर वाईस चेयरमेन ने कहा कि इस सत्र में बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जायेगा एवं अनुशासन का कढ़ाई से पालन किया जायेगा।

लायन डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल में नर्सरी से बारहवीं तक के बच्चों के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुके है जो भी बच्चे प्रवेश लेना चाहते है वे प्रवेश ले सकते है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्कूल में इस सत्र में बच्चों की सुविधा के लिए भवन इत्यादि का रंगरोगन भी किया जा रहा है।

लायंस क्लब के लायन गिरधारी लाल अग्रवाल को लायंस क्लब शिक्षण समिति का चेयरमेन मनोनित किये जाने पर लायंस परिवार सहित लायंस शिक्षण समिति के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है एवं अपनी ओर से हार्दिक बधाई दी।

# सेवानिवृत्त कनिष्ठ पर्यवेक्षक को दी गई भावपूर्ण विदाई

**जांजगीर चांपा।**अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा से मई माह में कनिष्ठ पर्यवेक्षक दयादास महंत सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी को पॉवर कंपनी परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष कार्यपालक निदेशक एसके. बंजारा ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए पॉवर कंपनी की ओर से आभार जताया।

कार्यपालक निदेशक के हाथों सेवानिवृत्त कर्मचारी को स्मृति चिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। समारोह में विशिष्टि अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव, एसडी द्विवेदी, आरके साव और एन. लकरा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कांफ्रेंस हाल में आयोजित दीर्घ सेवा सम्मान समारोह में कार्यपालक निदेशक एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वस्थ व सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।




दयादास महंत ने विद्युत मंडल एवं पॉवर कंपनी में 38 वर्ष 07 माह 18 दिन की सेवाएं दी। वह 13 जनवरी 2015 से एबीवीटीपीएस मड़वा में सेवाएं दे रहे थे। उनकी प्रथम नियुक्ति 15 अक्टूबर 1985 को एचटीपीएस कोरबा पश्चिम में संयंत्र परिचारक श्रेणी-तीन के पद पर हुई थी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त श्री महंत ने अपने लंबे कार्यकाल का अनुभव सुनाया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कल्याण अधिकारी आरएस टेकाम द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारी का संक्षिप्त जीवन परिचय का उल्लेख किया गया। इस मौके पर पर अधीक्षण अभियंता आरके नायक, वीके सिंह, एन. साहा, धमेंद्र बंजारे, जेके गायकवाड़, लोचन सिंह, मुख्य रसायनज्ञ उत्तम चंद्रवंशी, अभय मिश्रा और जनसंपर्क अधिकारी बसंत शाहजीत समेत बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 14 शराब दुकानों के अहातों से शासन को मिलेगा करोड़ो का राजस्व

**रायगढ़।** जिला रायगढ़ अंतर्गत संचालित देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के परिसर से संलग्न अहातों, जिनमें मदिरा उपभोग की अनुमति लाइसेंस से 14 दुकान से शासन को करोड़ो रुपये का राजस्व आय अर्जित होगा। गौरतलब हो कि आबकारी विभाग ने पॉलिसी बदलकर कराई गई नीलामी में 26 में से 20 दुकानों की प्रक्रिया पूरी कर ली। सबसे ज्यादा 63.35 लाख रुपए का राजस्व मटन मार्केट कंपोजिट शराब दुकान से मिलेगा। जबकि सबसे कम राजस्व जामगांव देशी शराब दुकान से मिलेगा।

## भारतीय जल सेना में भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी

**जांजगीर।** भारतीय नौसेना की ओर से सीनियर सेकंडरी रिक्रूटर्स (एसएसआर) में अग्निवीर की भर्ती होगी। इसके लिए आवेदन अब 5 जून तक किए जा सकते हैं। फार्म भरने की तारीख बढ़ाई गई है। पहले आवेदन की आखिरी तारीख 27 मई थी। इस भर्ती के लिए मैथ्स व फिजिक्स से बारहवीं पास युवा आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा तीन साल की इंजीनियरिंग डिप्लोमा वाले भी फार्म भर सकते हैं। उम्मीदवार का जन्म 1 नवंबर 2003 से 30 अप्रैल 2007 के बीच होना चाहिए। आवेदन शुल्क 550 रुपए है। जानकारी के मुताबिक चयन के लिए सबसे पहले इंडियन नेवी एंट्रेंस टेस्ट (आईएनईटी) होगा। इसके माध्यम अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। इसमें सफल अभ्यर्थियों को फिजिकल फिटनेस टेस्ट और स्टेज- 2 लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।

# गर्मी ने किया परेशान, पीएमश्री स्कूलों में समरकैम्प हुए समाप्त

**चंडीपारा।** पीएम श्री स्कूल बारगांव समर कैंप का आयोजन किया जा रहा था। भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने समर कैंप के आयोजन बंद कर दिया है। बारगांव में 17 दिन तक चले इस समर कैंप के अंतिम दिवस में सर्वप्रथम बाल गीत के साथ प्रारंभ किया गया उसके बाद बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। अंतिम दिन का थीम पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान था, जिसमें बच्चों को अलग-अलग समूह में बिठा कर पर्यावरण एवं स्वच्छता के बारे में चित्र बनाने कहा गया। समर कैंप का अवलोकन बीईओ मोहन कौशिक एवं एबीईओ जेआर सारथी, संकुल प्राचार्य पीएल महिपाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से नवनीत वर्मा, मंजू बन्छोर, रविन्द्र, रिंकेश, सुभाष, राजेंद्र कुमार डहरिया, राजकुमार कुर्रे, सतीश कुमार वानी, भोजराम गुप्ता, ज्योति पटेल, रोशन खरे, हरीश कुमार देवांगन उपस्थित थे।



## आपदा से राहत और बचाव के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया

**जांजगीर-चांपा।** मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव और राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ अतिवृष्टि की स्थिति पर सतत निगरानी रखने और सूचना के आदान-प्रदान के लिए जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में की गई है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक- 07817222032 है। संयुक्त कलेक्टर ममता यादव को नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।


## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

**बिजली बंद की सूचना**

कार्यपालन अभियंता (नगर) संभाग छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि कोरबा के अंतर्गत तुलसीनगर, जोन के समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि 33/11 के.व्ही. फीडरों में पूर्व मानसून रखरखाव कार्य किये जाने के कारण उनके समक्ष दर्शाये गये दिनांक एवं दिन अनुसार तुलसीनगर **प्रातः 06:00 बजे से प्रातः 11:00 बजे तक** विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

| क्र. | दिनांक/दिन | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र का नाम | 33/11 के.व्ही. फीडरों का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 06.06.2024 गुरूवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र, संजय नगर | 11 के.व्ही. लाइन संजय नगर फीडर | संजय नगर, बाजपेयी चौक, ईतवारी बाजार, गांधी पुतला व आसपास का क्षेत्र |
| 2. | 07.06.2024 शुक्रवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र, ए.बी.टाईप | 11 के.व्ही. लाइन पंप हाउस फीडर | पंप हाउस झोपड़ीपारा, 15 ब्लाक, गेरवाघाट व आसपास का क्षेत्र। |
| 3. | 08.06.2024 शनिवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र, ए.बी.टाईप | 11 के.व्ही. लाइन मानसनगर फीडर | मानसनगर, खटखटियापारा, ढोढ़ीपारा, भैंसखटाल व आसपास का क्षेत्र। |
| 4. | 10.06.2024 सोमवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र, तुलसीनगर | 11 के.व्ही. लाइन कोरबा शहर फीडर | पवन भोग, आर.के.टी.सी., शनि मंदिर, श्वेता नर्सिंग होम, पानी टंकी व आसपास का क्षेत्र। |
| 5. | 11.06.2024 मंगलवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र, तुलसीनगर | 11 के.व्ही. लाइन टी.पी.नगर फीडर | यूनियन बैंक, राजू होटल, लालूराम कालोनी, कॉफी हाउस, एक्सीस बैंक, दीप्ति चश्मा घर व आसपास का क्षेत्र। |
| 6. | 12.06.2024 बुधवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र, इमलीडुग्गु | 11 के.व्ही. लाइन इमलीडुग्गु फीडर | इमलीडुग्गु, रेल्वे स्टेशन रोड, खटाल, लायंस स्कूल, खण्डाला स्कूल शनि मंदिर व आसपास का क्षेत्र। |
| 7. | 13.06.2024 गुरूवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र, नेहरूनगर | 11 के.व्ही. लाइन टाउन-।। फीडर | चिमनीभट्ठा, नेहरू काम्प्लेक्स व आसपास का क्षेत्र |
| 8. | 14.06.2024 शुक्रवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र, तुलसीनगर | 11 के.व्ही. लाइन दर्री रोड फीडर | दर्री रोड, बंसल एजेंसी, बाईपास अग्रसेन चौक, दलिया गोदाम व आसपास का क्षेत्र। |
| 9. | 15.06.2024 शनिवार | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र, संजयनगर | 11 के.व्ही. लाइन कोतवाली फीडर | लक्ष्मणबन तालाब, पुरानी बस्ती, दुरपा रोड, अग्रसेन चौक, ईदगाह व आसपास का क्षेत्र। |

नोट : 1. समयावधि में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।
2. सम्माननीय उपभोक्ताओं को होनी वाली असुविधा के लिए हमें खेद है।

विद्युत की बचत ही विद्युत का उत्पादन है

कार्यपालन अभियंता (नगर) संभाग
छ.स्टे.पॉ. डिस्ट्री. कं. लि., कोरबा

S-40263/2


# शनि जयंती कल, मंदिरों में हो रही तैयारियां






**सक्ती।** सक्ती प्रत्येक वर्ष की भांति इस साल भी 6 जून को सूर्य पुत्र शनिदेव महाराज की जयंती मनाई जाएगी। इस संबंध में शनि मंदिर के पुजारी विक्की गोस्वामी ने बताया कि सुबह शनिदेव महाराज की भव्य आरती और ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जाएगा। उसके बाद खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया जाएगी। शनि मंदिर परिसर में भव्य भंडारा बन्टू अग्रवाल व सहयोगियों की तरफ से हर वर्ष आयोजित किया जाएगा। दिनभर शनि मंदिर में शनिदेव की पूजा करने के लिए अपनी मनोकामना को लेकर पहुंचते हैं या जिनकी मनोकामना पूर्ण हो जाती है। वह अपने श्रद्धापूर्वक दान व शनिदेवी महाराज की पूजा करते हैं। दिनभर शनि भक्तों का तांता लगा रहता है। शनि मंदिर, जहां पूजा करने के लिए जुटेंगे भक्त।

## निधन

### श्रीमती लीला बाई गुप्ता

**जांजगीर चांपा ।** सदर बाजार चांपा निवासी समाज के प्रतिष्ठित वरिष्ठ नागरिक श्रीमती लीला बाई गुप्ता 82 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया जिनका 2 जून 2024 रविवार सुबह 11ः00 बजे निवास स्थान सदर बाजार चांपा से नदी किनारे गेमन पूल के पास स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम अंतिम संस्कार किया गया। जहां उनके परिवार, रिश्तेदार और समाज के लोग तथा नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।



वे संतोष गुप्ता और सुरेश गुप्ता की माता थीं। जो अपना भरा पूरा परिवार छोड़ परमधाम गमन कर गईं।

### श्रीमती चंद्रकली बानी का

**चांपा ।** रानी रोड चांपा निवासी केसरवानी समाज के प्रतिष्ठित नागरिक जगदीश प्रसाद बानी , जगन्नाथ प्रसाद बानी, विष्णु प्रसाद बानी, रोहित प्रसाद बानी की माता श्रीमती चंद्रकली बानी जी का 86 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया, 2 जून 2024 रविवार दोपहर अंतिम यात्रा रानी रोड देवांगन मोहल्ला चांपा स्थित निवास से पुराना भैंसा बाजार स्थित हसदेव नदी के तट पर सार्वजनिक मुक्तिधाम में उनके अंतिम संस्कार के लिए पहुंची जहां अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर परिवार जनों, रिश्तेदारों, समाज के लोग तथा नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। केसरवानी समाज चांपा ने माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बानी परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।



## अनमोल वचन......

जिसकी फितरत हमेशा बदलने की हो वह कभी किसी का नही हो सकता, चाहे वह समय हो या इंसान!

## पाक की गलती माना

*पाकिस्तान के लाहौर समझौते के उल्लंघन को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की टिप्पणी के गहरे मायने हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई व उनके दरम्यान 1999 में हुए समझौते के उल्लंघन को उन्होंने पाक की गलती माना। जो जनरल परवेज मुशर्रफ द्वारा कारगिल पर किए गए हमले से जोड़ कर देखा जा रहा है। उस पर भारत ने दो दिन बाद कहा कि पड़ोसी देश का निष्पक्ष दृष्टिकोण उभर रहा है। दोनों देशों के बीच शांति व स्थिरता के दृष्टिकोण पर बात करने वाला यह समझौता सफलता का संकेत माना गया था। शरीफ ने पाकिस्तान के 28 मई 1998 में पांच परमाणु परीक्षणों की बात भी की। पाकिस्तान की आंतरिक स्थिति लगातार खराब होती जा रही है।राजनैतिक अस्थिरता, भारत के प्रति उसका नकारात्मक नजरिया तथा आतंकवाद को प्रश्रय देने वाली उसकी नीतियों ने दुनिया के समक्ष दयनीय साबित किया है। विश्व बैंक कह रहा है कि पाक की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ रही है। 2011 में पाक पर 66बिलियन डॉलर का कर्ज था। जो 2023 में 124 बिलियन डॉलर पर पंहुच गया।*

*नगदी संकट और उच्च महंगाई दर से जूझ रही जनता गरीबी रेखा से नीचे जा रही है। भारत के साथ सीमा विवाद, कश्मीर के बड़े हिस्से पर कब्जा व जल विवाद तो हैं ही, इनके साथ आतंकवाद सबसे बड़ा मुद्दा है। भारत के खिलाफ किये युद्धों में जबरदस्त मात खाने के बावजूद वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया।*

*हालांकि पाकिस्तानी हुक्मरान जानते हैं कि भारत के साथ दोस्ताना रवैया उन्हें फायदा देने वाला ही साबित होगा। मगर छिछ्ली राजनीति और जनता को खोखली बयानबाजियों से फुसलाने से वे बाज नहीं आ रहे। भारत के खिलाफ जहर उगलने तथा आतंकवाद की आड़ लेकर दुश्मनी कायम रखने के फिलसफे से निकलने को राजी नहीं हैं। पच्चीस साल बाद गलती को स्वीकार कर नवाज अपनी राजनीति को नयी दिशा देने को तैयार होते नजर आ रहे हैं।तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज अपने खिलाफ चल रहे अदालती मामलों की गिरफ्तारी से बचने के लिए ब्रिटेन भाग गये थे। सत्ता परिवर्तन के बाद बीते अक्टूबर में वापिस लौटे हैं। उनके तब्दील होते विचारों से संकेत मिल रहे हैं कि पाक की राजनीति जल्द ही करवट ले सकती है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। इस राशि के जो लोग पयर्टन के क्षेत्र से जुड़े हैं उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। सही दिशा में मेहनत करेंगे जिससे ज्यादा काम निपटा लेंगे। आज आपको किसी संस्था द्वारा सम्मानित किया जा सकता है।

**वृष राशिः** आज अचानक धन लाभ हो सकता है। जिससे आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। अगर आप कोई नया वाहन खरीदने की सोच रहें है, तो राहुकाल देखकर ही खरीदें। घर में खुशियों का आगमन होगा। आज आपकी व्यावहारिक प्रवृति को देखकर लोग आपकी प्रशंसा करेंगे।

**मिथुन राशिः** आज किस्मत आपके साथ रहेगी। कारोबार में आ रही दिक्कतें आज समाप्त हो जायेगी। धनलाभ के नये रास्ते नजर आयेंगे। अगर आज घर में किसी पार्टी का आयोजन कर रहे हैं तो सभी को दावत दें। आज किसी ऐसे व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी, जो आपको बिजनेस में काफी फायदा कराएगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन फायदेमंद रहेगा। बिजनेस को लेकर आपको कोई अच्छी डील मिलेगी। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसीमजाक होगा साथ ही कहीं पार्टी करने जाएंगे। इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स को आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी से ईमेल आएगा। छात्र अपने करियर को लेकर सोच विचार करेंगे, किसी अनुभवी की सलाह भी लेंगे। आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज कोई व्यक्ति आपके करियर के लिए खास हो सकता है। इस राशि के नवविवाहित आज समारोह में जाएंगे। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा। किसी नये व्यापार में मातापिता की राय कारगर साबित होने वाली है।

**कन्या राशिः** आज का दिन अनुकूल रहेगा। आज आपकी क्रिएटिविटी से लोग प्रभावित होंगे। आपका मानसम्मान लोगों में पहले से ज्यादा बढ़ेगा। आज जॉब में प्रमोशन के चांस बन रहे है। ऑफिस में आज सहकर्मियों के साथ अंडर स्टेंडिंग बढ़ेगी। आज किसी बिजनेस डील के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। धन लाभ के आसार बन रहे हैं।

**तुला राशिः** आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप अपनी प्रतिभा को सही ढ़ग से निखार पाएंगे। आज राजनीति शास्त्र के विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छे परिणाम लेकर आने वाला रहेगा। आज आप बड़ी से बड़ी समस्या का हल आसानी से निकाल लेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी कोई खास इच्छा पूरी होगी। दूसरे शहर रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को आज कोई बड़ी सफलता मिलने के आसार नजर आ रहे है। आज किसी अपरिचित व्यक्ति से बिना वजह ना उलझे। आज प्रियजनों के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे, किसी समस्या का समाधान मिलेगा। सबको साथ लेकर चलने की कोशिश करें।

**धनु राशिः** आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। छोटे बच्चों को आज पिता से कोई गिफ्ट मिल सकता है। आज घरवालों के साथ कहीं घूमने भी जा सकते हैं। आज बिजनेस में बढ़ोत्तरी के चांस हैं। परिवार के साथ बाहर घूमने का प्लान बना सकते है। शाम को दोस्तों के साथ पार्टी करने जा सकते हो। आपके व्यापार में दो गुना वृद्वि हो सकती है। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी।

**मकर राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। आज पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे। आज ऑफिस के कार्यों में आपका मन लगेगा। अगर आज किसी जरूरी काम को पूरा करने की सोच रहे हैं तो वह आज समय से पहले पूरा कर लेंगे।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। मनोरंजन में पैसे खर्च हो सकते हैं। आज आपको कई दिनों से रूके हुए काम में सफलता मिल सकती है। ऑफिस में किसी काम को लेकर जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए, धैर्य के साथ काम करें। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है, पढ़ाई में मन लगेगा।

**मीन राशिः** आज का दिन बेहतरीन रहेगा। किसी नयी जमीन से संबंधित कोई लेनदेन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांचपड़ताल जरूर कर लें। आज किसी भी अनजान व्यक्ति से बात करते समय मधुर भाषा का प्रयोग करें। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन अच्छा है। जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं।

# भारतीय परिवारों की आत्मीय कथाकार

//प्रो.संजय द्विवेदी//

**ख्यातिनाम कथाकार ,उपन्यासकार श्रीमती मालती जोशी के निधन की सूचना ने साहित्य जगत में जो शून्य रचा है, उसकी भरपाई संभव नहीं है।गत 15 मई, 2024 को उन्होंने अपनी नश्वर देह त्याग दी। अपनी रचनाओं के माध्यम से भारतीय परिवारों के रिश्तों, संवेदनाओं, परंपराओं, मूल्यों की कथा कहने वाली मालती जोशी अपने तरह की विलक्षण कथाकार हैं। उनकी परंपरा में हिंदी साहित्य में कथाकार शिवानी के अलावा दूसरा नाम भी नहीं मिलता। पद्मश्री से अलंकृत मालती जोशी को पढ़ना विरल सुख देता रहा है। सरलता,सहजता से कथा बुनती ताई अपने कथारस में बहा ले जाती थीं और रोप जाती थीं संस्कारों और मूल्यों की वह थाती जो कहीं बिसराई जा रही है। नारेबाजियों से अलग ताकतवर स्त्रियों पात्रों के माध्यम से पारिवारिक मूल्यों की स्थापना उनके जीवन का ध्येय रहा है।**

लीक तोड़कर लिखने और अपार लोकप्रियता अर्जित करने के बाद भी मालती जोशी हिंदी साहित्य आलोचना में हाशिए पर हैं। इसका कारण बहुत स्पष्ट है। उनकी रचनाएं भारतीय विचार और भारतीय परिवार के मूल्यों को केंद्र में रखती हैं। वे साहित्य सर्जना में चल रही खेमेबाजी, गुटबाजी से अलग अपनी राह चलती रही हैं। साहित्य क्षेत्र में चल रहे वाम विचारी संगठनों और उनकी अतिवादी राजनीति से उन्होंने अपनी दूरी बनाए रखी। इसके चलते उनके विपुल लेखन और अवदान पर साहित्य के मठाधीशों की नजर नहीं जाती। अपने रचे मानकों और तंग दायरों की आलोचना द्वारा मालती जी की उपेक्षा साधारण नहीं है। यह भारतीय मन और विचार के प्रति मालती जी प्रतिबद्धता के कारण ही है। अपनी लेखन शैली से उन्होंने भारतीय जनमन को प्रभावित किया है,यही उनकी उपलब्धि है। क्या हुआ जो आलोचना के मठाधीशों द्वारा वे अलक्षित की गयीं। सही मायनों में रचना और उसका ठहराव ही किसी लेखक का सबसे बड़ा सम्मान है। परंपरा, भारतीय परिवार, संवेदना और मानवीय मूल्यों की कथाएं कहती हुई मालती जोशी अपने समय के कथाकारों बहुत आगे नजर आती हैं। उनकी अपार लोकप्रियता यह प्रमाण है कि सादगी से बड़ी बात कही जा सकती है। इसके लिए मायावी दुनिया रचने और बहुत वाचाल होने की जरूरत नहीं है। अपनी जमीन की सोंधी मिट्टी से उन्होंने कथा का जो परिवेश रचा वह लंबे समय तक याद किया जाएगा।

**अप्रतिम लोकप्रियता-** हिंदी वर्तमान परिदृश्य पर बहुत कम कथाकार हैं, जिन्हें पाठकों की ऐसी स्वीकार्यता मिली हो। औरंगाबाद(महाराष्ट्र) के मराठी परिवार 4 जून 1934 को जन्मीं मालती जोशी के न्यायाधीश पिता मध्यप्रदेश में कार्यरत थे, इससे उन्हें इस प्रांत के कई जिलों में रहने और लोकजीवन के करीब से देखने का अवसर मिला। 1956 में उन्होंने इंदौर के होलकर कालेज से हिंदी साहित्य में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। किशारावस्था में ही लेखन का शुरूआत कर मालती जी जीवन के अंतिम समय तक लेखन को समर्पित रहीं। उनका प्रारंभिक लेखन तो गीत के माध्यम से हुआ, बाद में वे बाल साहित्य भी लिखती रहीं फिर कहानी विधा को समर्पित हो गईं। उनके कथा लेखन को राष्ट्रीय पहचान 'धर्मयुग' पत्रिका से मिली और भारतीय परिवारों की चर्चित लेखिका बन गयीं। 'धर्मयुग' में आपकी पहली कहानी 'टूटने से जुड़ने तक' 1971 में छपी और तब से उन्होंने मुड़कर नहीं देखा। देश की चर्चित पत्रिकाओं कादम्बिनी,साप्ताहिक हिंदुस्तान, नवनीत, सारिका, मनोरमा के माध्यम से वे पाठकों की बड़ी दुनिया में अपनी जगह बना चुकी थीं। 60 से अधिक कृतियों की रचना कर मालती जी ने भारतीय साहित्य को समृध्द किया है। उनकी सतत रचनाशीलता ने उन्हें भारतीय साहित्य का अनिवार्य नाम बना दिया है।

**परिवार और संवेदना के ताने बाने-** मालती जोशी मूलतः रिश्तों की कथाकार हैं। निजी जीवन में भी उनकी सरलता, सहजता और विनम्रता की यादें सबकी स्मृति में हैं। पारिवारिक, सामाजिक, घरेलू दायित्वों को निभाती हुई एक सरल स्त्री किंतु ताकतवर स्त्री उनकी निजी पहचान है। जिसने साहित्य सृजन के लिए कोई अतिरिक्त मांग नहीं की। किंतु जो किया वह विलक्षण है। परिवार और बच्चों के दायित्वों को देखते हुए अपने लेखन के लिए समय निकालना, उनकी जिजीविषा थी। आखिरी सांस तक वे परिवार की डोर को थामें लिखती रहीं। लिखना उनका पहला प्यारथ था । इंदौर, भोपाल, दिल्ली, मुंबई उनके ठिकाने जरूर रहे किंतु वे रिश्तों,संवेदनाओं और भारतीय परिवारों की संस्कारशाला की कथाएं कहती रहीं। 90 साल की उनकी जिंदगी में बहुत गहरे सामाजिक सरोकार हैं। उनके पति श्री सोमनाथ जोशी , अभियंता और समाजसेवी के रूप में भोपाल के समाज जीवन में ख्यात रहे। सन् 1981 से वे ज्यादातर समय भोपाल में रहकर निरंतर पारिवारिक दायित्वों और लेखन,सृजन में समर्पित रहीं। 2001 में पति के निधन के बाद उन्होंने खुद को और परिवार को संभाला। उनके सुपुत्र डा.सच्चिदानंद जोशी संप्रति अपनी मां की विरासत का विस्तार कर रहे हैं। वे न सिर्फ एक अच्छे कथाकार और कवि हैं, बल्कि उन्होंने संस्कृति और रंगमंच के कलाक्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। उनकी पुत्रवधू श्रीमती मालविका जोशी भी कथाकार और रंगमंच की सिद्ध कलाकार हैं। मध्यवर्गीय भारतीय परिवार उनकी कथाओं में प्रायः दिखते हैं। संस्कारों से रसपगी भारतीय स्त्री के सौंदर्य,साहस और संवेदना की कथाएं कहती हुए मालती जोशी बड़ी लकीर खींचती हैं। वर्गसंघर्ष की एक जैसी और एकरस कथाएं कहते कथाकारों के बीच मालती जोशी भारतीय परिवारों और उनके सुंदर मन की आत्मीय कथाएं लेकर आती हैं। अपनी सहज,सरल भाषा से वे पाठकों के मनों और दिलों में जगह बनाती हैं। उनको पढ़ने का सुख अलग है। उनकी कहानियां बेहद साधारण परिवेश से निकली असाधारण नायकों की कहानियां हैं। जो जूझते हैं, जिंदगी जीते हैं किंतु कड़वाहटें नहीं धोलते। बहुत सरल, आत्मीय और हम-आपके जैसे पात्र हमारे आसपास से ही लिए गए हैं। कथा में जीवन की सरलता-सहजता की वे वाहक हैं। मालती जी के पात्र बगावत नहीं करते, झंडे नहीं उठाते, नारे नहीं लगाते। वे जिंदगी से जूझते हैं, संवेदना के घागों से जुड़कर आत्मीय,सरल परिवेश रचते हैं। मालती जी की कथाओं यही ताकतवर स्त्रियां हैं, जो परिवार और समाज के लिए आदर्श हो सकती हैं। जो सिर्फ जी नहीं रहीं हैं, बल्कि भारतीय परिवारों की धुरी हैं।

**स्त्री के मन में झांकती कहानियां-** मालती जोशी ने अपनी कहानियों में स्त्री के मन की थाह ली है। वे मध्यवर्गीय परिवारों की कथा कहते हुए स्त्री के मन, उसके आत्मसंर्घष, उसकी जिजीविषा और उसकी शक्ति सबसे परिचित कराती हैं। संवेदना के ताने-बाने में रची उनकी रचनाएं पाठकों के दिलों में उतरती चली जाती हैं। पाठक पात्रों से जुड़ जाता है। उनके रचे कथारस में बह जाता है। अनेक भारतीय भाषाओं में उनकी कृतियों के अनुवाद इसलिए हुए क्योंकि वे दरअसल भारतीय परिवारों की कथाएं कह रही थीं। उनके परिवार और उनकी महिलाएं भारत के मन और संस्कारों की भी बानगी पेश करती हैं। भारतीय परिवार व्यवस्था वैसे भी दुनिया के लिए चिंतन और अनुकरण का विषय है। जिसमें स्त्री की भूमिका को वे बार-बार पारिभाषित करती हैं। उसके आत्मीय चित्रण ने मालती जोशी को लोकप्रियता प्रदान की है। उनकी कहानियां आम आदमी, आम परिवारों की असाधारण कहानियां हैं। औरत का एक सामाजिक और मनोवैज्ञानिक विषय दोनों है। इस अर्थ में मालती जी विलक्षण मनोवैज्ञानिक कथाकार भी हैं। उनके पात्र समाज के सामने समाधानों के साथ आते हैं। सिर्फ संकट नहीं फैलाते। उनकी भाषा में जहां प्रसाद और माधुर्य के गुण हैं वहीं वे आवेग और आवेश की धारा से जुड़ जाती हैं। संकेतों में वे जो भाव व्यक्त कर देती हैं वह सामान्य लेखकों के लिए विस्तार की मांग करता है।

**मालवा की मीरा और कथाकथन की शैली-** मालती जोशी के प्रमुख कहानी संग्रहों में पाषाण युग, मध्यांतर, समर्पण का सुख, मन न हुए दस बीस, मालती जोशी की कहानियां, एक घर हो सपनों का, विश्वास गाथा, आखिरी शर्त, मोरी रंग दी चुनरिया, अंतिम संक्षेप, एक सार्थक दिन, शापित शैशव, महकते रिश्ते, पिया पीर न जानी, बाबुल का घर, औरत एक रात है, मिलियन डालर नोट आदि शामिल हैं। मालती जोशी ने केवल कविताएं या कहानियां ही नहीं बल्कि उपन्यास और आत्म संस्मरण भी लिखे हैं। उपन्यासों में पटाक्षेप, सहचारिणी, शोभा यात्रा, राग विराग आदि प्रमुख हैं। वहीं उन्होंने एक गीत संग्रह भी लिखा, जिसका नाम है, 'मेरा छोटा सा अपनापन'। उन्होंने 'इस प्यार को क्या नाम दूं? नाम से एक संस्मरणात्मक आत्मकथ्य भी लिखा। उनकी एक और खूबी रही कि उन्होंने कभी भी अपनी कहानियों का पाठ कागज देखकर नहीं किया, क्योंकि उन्हें अपनी कहानियां, कविताएं जबानी याद रहतीं थीं। मराठी में 'कथाकथन' की परंपरा को वे हिंदी में लेकर आईं। उनके कथापाठ में उपस्थित रहकर लोग कथा को सुनने का आनंद लेते थे। इन पंक्तियों के लेखक को भी उनके कथाकथन की शैली के जीवंत दर्शन हुए थे। बिना एक कागज हाथ में लिए वे जिस तरह से कथाएं सुनातीं थी वह विलक्षण था। दूरदर्शन उनकी सात पर कहानियों पर श्रीमती जया बच्चन ने 'सात फेरे' बनाया। इसके अलावा गुलजार निर्मित 'किरदार' में भी उनकी दो कहानियां थीं। आकाशवाणी पर उनकी अनेक कहानियों के प्रसारण हुए। जिसने कथाकथन की उनकी शैली को व्यापक लोकप्रियता दिलाई।

इसके साथ ही मालती जोशी ने कई बालकथा संग्रह भी लिखे हैं, इनमें, दादी की घड़ी, जीने की राह, परीक्षा और पुरस्कार, स्नेह के स्वर, सच्चा सिंगार आदि शामिल हैं। उनके निधन पर मध्यप्रदेश के अखबारों ने उन्हें 'मालवा की मीरा' कहकर प्रकाशित संबोधित किया। इसका कारण यह है कि लेखन के शुरुआती दौर में मालती जोशी कविताएं लिखा करती थीं। उनकी कविताओं से प्रभावित होकर उन्हें मालवा की मीरा नाम से भी संबोधित किया जाता था। उन्हें इंदौर से खास लगाव था। वे अक्सर कहा करती थीं कि इंदौर जाकर मुझे सुकून मिलता है, क्योंकि वहां मेरा बचपन बीता, लेखन की शुरुआत वहीं से हुई और रिश्तेदारों के साथ ही उनके सहपाठी भी वहीं हैं। यह शहर उनकी रग-रग में बसा था। खुद अपनी आत्म कथा में मालती जोशी ने उन दिनों को याद करते हुए लिखा है, 'मुझमें तब कविता के अंकुर फूटने लगे थे, कॉलेज के जमाने में इतने गीत लिखे कि लोगों ने मुझे 'मालव की मीरा' की उपाधि दे डाली।' कथाकथन के तहत उनकी अनेक कहानियां यूट्यूब पर उपलब्ध हैं। इसकी सीडी भी उपलब्ध है।

**देह के विमर्श में परिवार की कहानियां-** मालती जोशी की कहानियां इस अर्थ में बहुत अलग हैं कि वे परिवार और सामाजिक मूल्यों की कहानियां हैं। उनके पात्र अपनी सीमाओं का अतिक्रमण नहीं करते और मूल्यों की स्थापना में सहयोगी हैं। वे परंपरा के भीतर रहकर भी सुधार का आग्रह करते हैं। मालती जी ने एक इंटरव्यू में स्वयं कहा था- हिंदी साहित्य में स्त्री देह का विमर्श और बोल्डनेस बढ़ गया है किंतु मैं पारिवारिक कहानियां कहती हूं। उन्होंने कहा था कि मेरी कहानियों में आपको कहीं बेडसीन नहीं मिलेगा। मैं जितना परहेज अपने बहू-बेटे के कमरे में जाने से करती हूं, उतना ही अपने पात्रों के बेडरूम में जाने से करती हूं। वे साफ कहती थीं कि नारीवाद के नाम पर हमेशा नारेबाजी के बजाए विनम्रता से भी स्त्रियों का पक्ष रखा जा सकता है। इन अर्थों में मालती जी कहानियों के पात्र अलग तरह से प्रस्तुत होते हैं। वे पितृसत्ता के साथ टकराते हैं, नये विचारों से भरे-पूरे हैं, किंतु नारे नहीं लगाते। वे बदलाव के नायक और साक्षी बनते हैं। अपने निजी जीवन में भी इसे मानती हैं। इसी इंटरव्यू में उन्होंने बताया है कि पारंपरिक मराठी परिवारों शादी के बाद बहू का नाम बदलने की परंपरा है। जब उनसे पति ने पूछा कि आपको क्या नाम पसंद है। तो उनका कहना था मेरे नाम में क्या बुराई है। वे बताती हैं कि मैंने न अपना नाम बदला न बहुओं का नाम बदलने दिया। वे मानती थीं कि नाम बदलने से स्त्री की पूरी पहचान बदल जाती है। उन्होंने एक अन्य इंटरव्यू में कहा है कि वे स्त्रियों की स्वतंत्रता की पक्षधर हैं किंतु स्वच्छंदता की नहीं। उनकी रचना प्रक्रिया पर दीपा लाभ ने लिखा है- मालती जोशी की भाषा-शैली बेहद सरल, सुगम और सहज है। उनके सभी पात्र आम जीवन से प्रेरित हमारे-आपके बीच के क़िरदार हैं। अधिकतर कहानियाँ स्त्री-प्रधान हैं किन्तु न तो वे दबी-कुचली अबला नारी होती है और ना ही शहरी, ओवरस्मार्ट कामकाजी लडकियाँ - उनके सभी पात्र यथार्थ के धरातल से निकले वास्तविक-से प्रतीत होते हैं। उनकी कथाओं से सकारात्मकता का संचार होता है जो स्वतः ही दिल की गहराइयों में उतरता चला जाता है। पुरुष पात्रों को भी निरंकुश या अहंकारी नहीं बनाकर उन्होंने कई दफ़े उनके सकारात्मक पक्षों को उजागर किया है। मध्यम-वर्गीय परिवारों की आम समस्याएँ, दैनिक जद्दोजहद और मन के भावों को बहुत संवेदनशील अंदाज़ में संवाद रूप में प्रस्तुत करना।÷

**सर्जना का सम्मान** - साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन का भवभूति अंलकरण,मध्यप्रदेश सरकार का साहित्य शिखर सम्मान, ओजस्विनी सम्मान, दुष्यन्त कुमार सम्मान, मैथिलीशरण गुप्त सम्मान, दिनकर संस्कृति सम्मान,माचवे सम्मान, महाराष्ट्र शासन द्वारा सम्मान, वनमाली सम्मान, मारीशस में विश्व हिन्दी सम्मेलन में पुरस्कृत होने के साथ साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिये भारत सरकार द्वारा 2018 में पद्मश्री सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। उनकी कथा संवेदना बहुत व्यापक है। इसीलिए वे पाठकों के बीच समादृत हैं। जयप्रकाश पाण्डेय लिखते है- मालती जोशी अपनी कहानियों से संवेदना का एक अलग संसार बुनती हैं, जिसमें हमारे आसपास के परिवार, उनका राग और परिवेश जीवंत हो उठते हैं। उनकी कहानियां संवाद शैली में हैं, जिनमें जीवन की मार्मिक संवेदना, दैनिक क्रियाकलाप और वातावरण इस सुघड़ता से चित्रित हुए हैं कि ये कहानियां मन के छोरों से होते हुए चलचलचित्र सी गुजरती हैं. इतनी कि पाठक कथानक में बह उनसे एकाकार हो जाता है।÷ हिंदी साहित्य जगत पर अमिट छाप छोड़ने वाली मालती जोशी की मराठी में भी ग्यारह से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं. उनकी कहानियों का मराठी, उर्दू, बंगला, तमिल, तेलुगू, पंजाबी, मलयालम, कन्नड भाषा के साथ अँग्रेजी, रूसी तथा जापानी भाषाओं में अनुवाद भी हुआ है। अब जबकि 90 साल की सक्रिय जिंदगी जीकर 15 मई,1924 को वे हमें छोड़कर जा चुकी हैं, उनकी स्मृतियां ही हमारा संबल हैं। हमारे जैसे न जाने कितने लोग इस बात का जिक्र करते रहेंगें कि उन्होंने मालती ताई को देखा था। एक लेखिका, एक मां, एक सामाजिक कार्यकर्ता और प्रेरक व्यक्तित्व की न जाने कितनी छवियों में वे हमारे साथ हैं और रहेंगीं। उनकी रचनाएं लंबे समय तक भारतीय परिवारों को उनकी शक्ति, जिजीविषा और आत्मीय परिवेश की याद दिलाती रहेंगीं। भावभीनी श्रद्धांजलि!!

## पूरी दुनिया में हल्ला

अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने संतुलन के तराजू में इस्राइल के शीर्ष नेताओं और हमास के शीर्ष नेताओं को साथ रखने का साहस दिखाया तो पूरी दुनिया में हल्ला मच गया। आईसीसी के अभियोजन पक्ष ने हमास पर युद्ध अपराध, मानवता के खिलाफ अपराध, र्मडर, रेप, बंधक बनाने जैसे आरोप लगाए गए हैं। वहीं नेतन्याहू और गैलेंट के खिलाफ युद्ध अपराध और मानवता के विरुद्ध अपराध, जिनमें विनाश, उत्पीड़न, युद्ध के तरीके के रूप में भुखमरी पैदा करना, मानवीय राहत आपूर्ति से इनकार करना और हमास को हराने के प्रयास में जानबूझकर नागरिकों को निशाना बनाना शामिल है। करीम रवांडा, लेबनान और सिएरा लियोन की आपराधिक अदालतों में भी काम कर चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने इस्राइल और हमास पर जो आरोप लगाए हैं, उनकी पुष्टि इन घटनाओं से की जा सकती है। सात अक्टूबर, 2023 को हमास ने इस्राइल पर हमला किया था। हमले में 1200 लोग मारे गए थे और कई लोगों को बंधक बनाया गया था। हमास के लड़ाकों ने कई महिलाओं के साथ गैंगरेप किए, उनकी निर्मम हत्याएं की और उनके शरीर को क्षत-विक्षत कर दिया। कई लोगों की गर्दन और उनके अंग काट कर सड़क पर फेंक दिए गए और फिर आतंकी उनके साथ खेल रहे थे। कई लोगों ने लोगों की हत्या, रेप और सिर काटे जाने की आवाजें और चीखें सुनीं। हमास के आतंकवादियों के विभिन्न समूहों की क्रूरता के तरीके अलग-अलग थे। इस्राइल के पुलिस प्रमुख याकोव शबताई ने कहा कि यह पूर्वनियोजित घटना थी। माना जाता है कि हमास ने इस्लामिक स्टेट समूह और बोस्निया से महिलाओं के शरीर को हथियार बनाने का तरीका सीखा। यह सब इतना भयावह था कि कई लोग इस्राइल के मानसिक स्वास्थ्य अस्पतालों में भर्ती हैं, जो उस खौफ से अब भी नहीं उबर पाए हैं, और पागल हो गए हैं। हमास जिन्हें बंधक बना कर ले गया, वे या तो मारे गए हैं, या अंधेरी सुरंगों में नारकीय जीवन जीने को मजबूर कर दिए गए हैं।

## तस्वीरों की दुनिया


लोकसभा चुनाव के नतीजों की पूर्व संध्या पर नागपुर के एक मतगणना केंद्र पर चुनाव अधिकारी चुनाव सामग्री तैयार करते हुए।


लोकसभा चुनाव परिणाम की पूर्व संध्या पर पटना में एनडीए समर्थक मिठाई तैयार करते हुए।


मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने डीएमके नेताओं के साथ चेन्नई के मरीना बीच स्थित उनके स्मारक पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।


गुवाहाटी में चक्रवात रेमल के आने के बाद भारी बारिश के बाद जलभराव वाली सड़क से गुजरता एक रिक्शा चालक।


आप नेता संजय सिंह ने नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।


भारी बारिश के कारण बेंगलुरू के हनुमंत नगर में एक विशाल पेड़ उखड़ गया।

# इमरजेंसी मीटिंग बुलाओ, सुप्रीम कोर्ट ने जल संकट पर अपर यमुना रिवर बोर्ड को दिया निर्देश

**नईदिल्ली, 04 जून [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में चल रहे जल संकट पर तत्काल अपर यमुना रिवर बोर्ड की बैठक बुलाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि पांच जून को बैठक की जाएगी और उसमें सभी हितधारक राज्य, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश हिस्सा लेंगे। कोर्ट ने मामले को छह जून को फिर सुनवाई पर लगाते हुए यमुना रिवर बोर्ड की बैठक के मिनट्स और जल संकट से निबटने के सुझाव कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया है।ये निर्देश न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और केवी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने राजधानी में जल संकट पर सुनवाई के दौरान सोमवार को दिये। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर बढ़ती गर्मी के कारण पानी की मांग बढ़ने से गंभीर जल संकट की स्थिति पैदा होने की बात कही है और हरियाणा से पानी दिलाने का निर्देश मांगा है।ये भी कहा गया है कि हिमाचल प्रदेश अपना अतिरिक्त जल दिल्ली को देने को तैयार है लेकिन उसकी भौतिक सीमाएं दिल्ली से नहीं जुड़ती हैं इसलिए दिल्ली को पानी मौजूदा जल वितरण प्रणाली के जरिये ही मिल सकता है जिसमें की हरियाणा को हिमाचल द्वारा दिल्ली के लिए छोड़ा गया अतिरिक्त जल देना होगा।



सोमवार को जब मामला सुनवाई पर आया तो दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने जल संकट की दुहाई देते हुए दिल्ली को पानी दिलाने का निर्देश मांगा। तभी केंद्र और हरियाणा सरकार की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जो मुद्दा याचिका में उठाया गया है उस पर पहले से ही अपर यमुना रिवर बोर्ड में विचार चल रहा है। वहां सारे हितधारक राज्य, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश हैं।बोर्ड ने हिमाचल प्रदेश से कहा है कि वह बताए कि उसके पास कितना अतिरिक्त जल है। इन दलीलों पर कोर्ट ने कहा कि इमरजेंसी को देखते हुए बोर्ड की बैठक तत्काल बुलाई जानी चाहिए।

कल ही बैठक बुलाई जाए। मेहता ने बोर्ड की बैठक बुलाए जाने पर सहमति जताई लेकिन कहा कि कल यानी मंगलवार को बैठक बुलाना संभव नहीं होगा बुधवार को बैठक बुलाई जा सकती है।उधर, दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश की ओर से पेश वकील ने कहा कि उनका राज्य अतिरिक्त जल दिल्ली को देने को राजी है। सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दिल्ली में जल संकट के लिए पानी की बर्बादी का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बोर्ड के समक्ष पेश आंकड़ों के मुताबिक, अगर दिल्ली में 100 लीटर पानी आता है तो निवासियों को सिर्फ 48.65 लीटर ही पानी मिलता है। 51.35 लीटर जल बर्बाद हो जाता है जिसका कारण पानी लीकेज, टैंकर माफिया और कुछ औद्योगिक इकाइयों द्वारा जल की चोरी है।मेहता ने कहा कि दिल्ली सरकार को अपना सिस्टम ठीक करना चाहिए। पीठ ने भी इससे सहमति जताई और कहा कि पानी की बर्बादी नहीं होनी चाहिए। दिल्ली सरकार के वकील सिंघवी ने कहा कि सरकार पानी की बर्बादी रोकने पर काम कर रही है पर अस्थाई मदद के तौर पर दिल्ली को पानी दिलाया जाना चाहिए।

# मतगणना से पहले पूरे देश में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम
## दिल्ली-मुंबई से लेकर श्रीनगर तक चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात



**नईदिल्ली, 04 जून [एजेंसी]।**

लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना में अब कुछ ही घंटे का समय शेष बचा है। मंगलवार (4 जून) को सुबह 8 बजे से वोटों की काउंटिंग शुरू हो जाएगी, इसको लेकर चुनाव आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।मतगणना से पहले किसी भी तरह की अप्रिय घटना ना हो इसके लिए पूरे देश में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना से पहले दिल्ली पुलिस ने शहर के अति संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। दिल्ली पुलिस के सुरक्षाकर्मी कनॉट प्लेस इलाके में सघन गश्त और जांच कर रहे हैं। इसके अलावा उत्तर-पूर्वी दिल्ली जिला पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर इलाके में सुरक्षा बढ़ाई है।

सुरक्षाकर्मी दिल्ली के नंद नगरी, सीलमपुर, दयालपुर, सोनिया विहार और भजनपुरा इलाकों में सघन गश्त और जांच कर रहे हैं। वहीं, मतगणना से पहले श्रीनगर में भी मतगणना केंद्र पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।उधर मतगणना से पहले महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में भी मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के एसएसपी अजय सिंह ने देर रात मतगणना से पहले क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा, मतगणना केंद्रों पर अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। बिना पास के किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी व्यवस्थाएं चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार की गई हैं।

# एग्जिट पोल को नकारने पर अखिलेश यादव को मिला जवाब भाजपा ने याद कराए सपा सरकार के पुराने दिन! दी ये नसीहत

**लखनऊ, 04 जून [एजेंसी]।**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने सोमवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर करारा हमला किया। कहा कि देश में सौहार्द बिगाड़ने और भाईचारा खत्म करने की बात करने वाले अपनी सरकार के कारनामों को याद करें। भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि इनकी सरकार में जनता ही नहीं पुलिस भी सुरक्षित नहीं थी। अखिलेश के कार्यकाल में पुलिस अधिकारियों की दिन-दहाड़े हत्या हो जाती थी। सपा शासन में माताओं और बहनों के उजड़े सुहाग की हाय ही लगी है कि यह आज अपने परिवार और घर में ही सिमटकर रह गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एग्जिट पोल के नतीजों से बौखलाए अखिलेश यादव अनाप शनाप बात कर रहे हैं। देश की जनता भली-भांति जानती है कि जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति कौन करता है। इस लोकसभा चुनाव में भी अपने परिवार को पांच सीट



देकर साबित कर दिया है कि उनके लिए परिवार और जाति ही सब कुछ है। अखिलेश यादव के बेरोजगारों से छल के आरोपों पर कहा कि योगी सरकार के सात वर्षों के कार्यकाल पर प्रदेश के इतिहास में सबसे अधिक युवाओं को रोजगार दिया गया है। अखिलेश सरकार में बेटियां, व्यापारी कोई सुरक्षित नहीं था। प्रदेश में शोहदों का ऐसा खौफ था कि बेटियों ने स्कूल और कॉलेज जाना तक छोड़ दिया था। उन्होंने अखिलेश को नसीहत देते हुए कहा कि घर में एसी में बैठकर राजनीति नहीं की जाती है। राजनीति का पहला धर्म जनता जनार्दन और उनके सुख दुख में साथ खड़ा होना है।

# कलयुगी बेटे ने दराती से ताबड़तोड़ वार कर की पिता की हत्या, बस इतनी बात पर ले ली जान

**नईदिल्ली, 04 जून [एजेंसी]।**

नंद नगरी थाना क्षेत्र के सुंदर नगरी में सोमवार सुबह एक युवक ने दराती से ताबड़तोड़ वार कर पिता की हत्या कर दी। वह छोटी-छोटी बातों को लेकर पिता के डांटने से नाराज था। पुलिस ने आरोपित गिरफ्तार कर लिया है। ओम प्रकाश मूलरूप से अलीगढ़ के अतरौली के रहने वाले थे। वह पिछले कई वर्षों से अपने परिवार के साथ सुंदर नगरी में रह रहे थे। परिवार में दो बेटे किशन पाल और वेद प्रकाश हैं। गत दिसंबर में उनकी पत्नी की मौत हो गई थी। वेद प्रकाश अविवाहित है और कोई नौकरी नहीं करता था। जबकि उसके बड़े भाई के परिवार में पत्नी, एक बेटा व बेटी है। परिवार ने बताया सोमवार सुबह सात बजे वेद प्रकाश की किसी बात पर अपने पिता से कहासुनी हुई थी। परिवार के बाकी सदस्य सो रहे थे। वेद प्रकाश ने रसोई से दराती उठाई और पहले अपने पिता के सीने पर वार किया। उसके बाद शरीर के बाकी हिस्सों पर वार करता चला गया। शोर होने पर परिवार के सदस्यों की आंख खुली तो ओम प्रकाश फर्श पर खून से लथपथ हालत में पड़े हुए थे। बड़ा बेटा किशन पाल गंभीर हालत में पिता को




जीटीबी लेकर गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से वारदात की सूचना पुलिस को मिली।

पुलिस ने आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने लाकडाउन में किया था खुदकुशी का प्रयास ओम प्रकाश की बेटी अनीता का कहना है कि उनका भाई वेद प्रकाश दिमागी रूप से कमजोर है। पिछले आठ वर्षों से उसका इलाज इहबास में चल रहा है। वर्ष 2020 में लाकडाउन में उनके भाई ने घर में बेल्ट के जरिये खुदकुशी करने की कोशिश की थी। बेल्ट टूट गई थी, जिस वजह से वह फर्श पर गिर गया। गले व पैर में चोट लगी थी। उनके पिता ओम प्रकाश को सांस की बीमारी थी। बुजुर्ग होने की वजह से ठीक तरह से चल भी नहीं पाते थे।

# अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे पर आपराधिक मुकदमे का ट्रायल शुरू

**दोषी पाए जाने पर अधिकतम 25 साल जेल की हो सकती है सजा**



**वाशिंगटन, 04 जून [एजेंसी]।**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे हंटर बाइडन पर 2018 में रिवाल्वर की खरीद और कब्जे से जुड़े तीन गंभीर आरोपों के मामले में डेलावेयर में आपराधिक मुकदमा शुरू हो गया है। दोषी पाए जाने पर अधिकतम 25 साल जेल की सजा हो सकती है।हंटर बाइडन का मुकदमा मैनहट्टन जूरी द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दोषी करार दिए जाने के कुछ दिनों बाद सामने आया है। जूरी चयन के लिए प्रथम महिला जिल बाइडन के साथ हंटर बाइडन डेलावेयर में एक संघीय अदालत पहुंचे। यह ट्रायल दो सप्ताह तक चलने की उम्मीद है। उन पर 2018 में कोल्ट कोबरा रिवाल्वर खरीदते समय भरे गए फार्म में गलत जानकारी देने के आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने बताया था कि वह ड्रग नहीं लेते हैं। साथ ही अवैध रूप से 11 दिनों तक बंदूक अपने पास रखी थी।

### तेलंगाना में आइईडी के फटने से ग्रामीण की मौत, माओवादियों ने लगाए थे विस्फोटक

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुलुगु जिले के एक वन क्षेत्र में सोमवार को प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के द्वारा लगाए गए आईईडी के फटने से 55 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, जिले के वजीदु मंडल के कोंगल गांव के पास व्यक्ति का पैर आईईडी पर पड़ गया। उसमें विस्फोट होने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट तब हुआ जब ग्रामीण, उसका बेटा और तीन अन्य लोग पास के जंगल में लकड़ी एकत्र करने के लिए जा रहे थे। पुलिस के अनुसार, माओवादी लोगों के आने-जाने के रास्ते पर अक्सर आइईडी लगा रहे हैं, जिससे अपनी उपस्थिति का एहसास करा सकें।

# म्यांमार में फर्जी नौकरियों के लालच में नहीं फंसे... , भारतीय दूतावास ने बढ़ती घटनाओं के बीच जारी की एडवायजरी

**नईदिल्ली, 04 जून [एजेंसी]।**

म्यांमार में भारतीय दूतावास ने यहां नौकरी की तलाश कर रहे भारतीय नागरिकों से सावधान रहने का आह्वान किया है। दूतावास ने भारतीयों को इंटरनेट मीडिया के माध्यम से फर्जी और अवैध नौकरियों के लालच में नहीं फंसने की सलाह दी। अभी हाल ही में लाओस में अवैध काम में फंसे 13 भारतीयों को



बचाकर घर वापस लाए जाने के बाद यह सलाह जारी की गई है।

भारतीय दूतावास ने सलाह में कहा कि म्यांमार-थाईलैंड सीमा पर म्यावाडी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय क्राइम सिंडिकेट सक्रिय है। ऐसे में इस क्षेत्र में भारतीय से नौकरी का प्रस्ताव लेने से पहले सावधान रहें। दूतावास ने कहा कि इस क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय क्राइम सिंडिकेट द्वारा भारतीयों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं में वृद्धि हुई है। ऐसे में हम संबंधित भारतीय दूतावासों के संपर्क किए बिना इस प्रकार के नौकरी प्रस्तावों से बचने की सलाह देते हैं।हाल ही में म्यावाडी शहर के दक्षिण में फा लू क्षेत्र में एक नया स्थान सामने आया है, यहां अधिकांश भारतीयों की भारत के साथ-साथ मलेशिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों से थाईलैंड के रास्ते तस्करी की जा रही है। दूतावास ने कहा कि विदेश में नौकरी का प्रस्ताव स्वीकार करने से पहले भारतीय दूतावासों के माध्यम से नियोक्ताओं की साख की जांच करा लें।

# 11वीं की छात्रा के साथ पहले सामूहिक दुष्कर्म, फिर वीडियो बना वसूले पांच लाख रुपये, पॉक्सो के तहत मामला दर्ज, दो आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर, 04 जून [एजेंसी]।**

राजस्थान के अजमेर में 11वीं कक्षा की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर अश्लील फोटो व वीडियो बनाने के बाद उसे ब्लैकमेल कर पांच लाख रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में दो युवकों इरफान और अरबाज को गिरफ्तार करने के साथ ही एक नाबालिग को हिरासत में लिया है। शेष तीन की तलाश की जा रही है। पुलिस का मानना है कि यह एक गैंग हो सकता है जो छात्राओं को जाल में फंसकर दुष्कर्म करने के बाद ब्लैकमेल करता होगा। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र बिश्नोई ने बताया कि 30 मई को पीड़ित छात्रा के पिता ने क्रिश्चियनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें इरफान, अरबाज सहित छह युवकों को आरोपित बनाया था। पॉक्सो कानून की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।पुलिस की जांच में सामने आया कि छात्रा की सहेली ने इरफान और उसकी इंस्टाग्राम आईडी एक-दूसरे को देकर दोस्ती कराई थी। इरफान ने अपने साथी अरबाज के साथ मिलकर छात्रा के कुछ फोटो एडिट किए और उसको भेज दिए। इसके बाद फोटो सार्वजनिक करने की धमकी देकर उसने छात्रा के साथ कई बार दुष्कर्म किया।दो बार अपने दोस्तों के साथ सामूहिक दुष्कर्म भी किया, जिसका वीडियो भी बनाया गया। गत मार्च में इरफान ने छात्रा पर पांच लाख रुपये देने का दबाव बनाया और पैसे नहीं देने पर उसके फोटो व वीडियो प्रसारित करने की धमकी दी। इससे बुरी तरह भयभीत छात्रा ने घर में रखे पांच लाख रुपये चुराए और इरफान को दे दिए।पिछले सप्ताह छात्रा के पिता को घर से पैसे चोरी होने की जानकारी मिली तो पूछताछ करने पर छात्रा ने पूरे घटनाक्रम के बारे में बता दिया। इसके बाद मामला पुलिस में पहुंचा। पुलिस के मुताबिक, अरबाज अजमेर के वैशाली नगर में भ्रमण स्थल सेवर वंडर्स के पास फोटोग्राफी करता है। वह वहां घूमने आने वाली छात्राओं की फोटो खींचता है और फिर भेजने के लिए उनके मोबाइल नंबर लेता है। धीरे-धीरे छात्राओं से दोस्ती बढ़ाकर उनकी इंटरनेट मीडिया की आईडी व पासवर्ड लेता है। उसके बाद छात्राओं की फोटो को आपत्तिजनक रूप देकर उन्हें ब्लैकमेल करता है। अरबाज अपने दोस्तों को भी छात्राओं के नंबर व फोटो दे देता है, जो ब्लैकमेल कर उनके साथ दुष्कर्म करते हैं।


### लोकसेवकों को पक्षपात से परे रहना चाहिए, उपराष्ट्रपति धनखड़ ने आईएएस से जुड़ा कार्यक्रम में की शिरकत

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोकसेवकों से पक्षपात से परे रहने का आह्वान करते हुए सोमवार को कहा कि उन्हें राष्ट्रवादी और संघवादी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने यहां भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) 2022 बैच के सहायक सचिवों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसेवकों को सदैव पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण से परे देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक लोकसेवक को राजनीतिक दलों के साथ संलिप्तता नहीं रखनी चाहिए।

# भारतीय मतदाताओं की सोच प्रभावित करने को विदेशी दखल OSINT के रिपोर्ट में हुआ खुलासा, कर दिया यह बड़ा दावा

**नईदिल्ली, 04 जून [एजेंसी]।**

एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में बस संपन्न हुए लोकसभा चुनाव से स्पष्ट हो गया है कि इस बार विदेशी दखलंदाजी से इसमें करोड़ों डालर खर्च किए गए ताकि घातक नैरेटिव सेट किए जा सकें। भारतीय मतदाताओं की सोच को प्रभावित करने के लिए बड़ी पूंजी लगाकर कथानकों का सृजन किया गया।ओपन सोर्स इंटेलिजेंस (ओएसआइएनटी) की रिपोर्ट इनविजबिल हैंड्स - फारेन इंटरफेरेंस इन इंडियन इलेक्शंस 2024 को डिसइनफो लैब नाम के संगठन ने जारी किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब करोड़ों भारतीय अपना भविष्य तय कर रहे थे, तब वैश्विक मीडिया और अकादमिया ने भारतीयों के मत को प्रभावित करने के लिए खतरनाक दुष्चक्र रचे थे। इसलिए वह भारतीय जनमानस पर अथक प्रहार करते रहे। Amit Shah के खिलाफ जयराम रमेश के आरोपों पर चुनाव आयोग ने लगाई फटकार



सोची-समझी रणनीति के तहत एजेंडा आगे बढ़ाया जा रहापिछले कुछ महीनों से भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और संस्थाओं पर तीखे हमले हो रहे हैं।

राजनीतिक प्रतिष्ठानों पर भी विदेशी मीडिया, अकादमिया और सक्रिय कार्यकर्ता छिपे तौर पर हमले कर रहे हैं। सोची-समझी रणनीति के तहत एजेंडा आगे बढ़ाया जा रहा है। ताकि दुनिया के सामने सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नीचा दिखाया जा सके।यह अभियान सिर्फ पश्चिमी मीडिया तक सीमित नहीं रहा बल्कि उनके स्थानीय एजेंट भी यह बीड़ा उठाए रहे। आलेखों, ओपेड, शोध पत्रों के रूप में भारतीय चुनावों पर स्याह तस्वीर पेश की गई। कुछ फंडेड संगठनों ने पाकिस्तान प्रायोजित एजेंटों को हीरो के रूप में पेश करने की कोशिश की। इन लोगों ने अपने लेखों में भारत में गिरता लोकतंत्र, हिंदू बहुलवाद और फासीवादी जैसे शब्दों का आधिकाधिक प्रयोग किया गया। भारत के संबंध में इन बातों को मुख्यधारा की मीडिया पर थोपने का प्रयास हुआ।

### मतगणना स्थल के अंदर और बाहर रहेगी पुलिस की कड़ी निगरानी, अशांति फैलाने वालों पर रहेगी नजर

**भोपाल।** प्रदेश में मंगलवार सुबह मतगणना स्थलों पर अंदर और बाहर पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी। जिलास्तर पर पुलिस शरारती तत्व और अशांति फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करेगी।अगर किसी ने मतगणना के दौरान हंगामा किया या व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की तो पुलिस उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी।ये निर्देश पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने मतगणना से एक दिन पहले सोमवार को पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए। प्रदेश में जिला मुख्यालयों पर मतगणना की जाएगी। इस दौरान किसी भी प्रकार का जमावड़ा प्रतिबंधित है। यहां विजय जुलूस भी नहीं निकाला जा सकेगा। मतगणना स्थल पर बगैर जांच के किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।सुरक्षा को देखते हुए मतगणना स्थल के अंदर और बाहरी इलाके को सीसीटीवी सर्विलांस से जोड़ा गया है। डीजीपी खुद पुलिस सुरक्षा की मानिटरिंग करेंगे और जिला कप्तानों के साथ संपर्क में रहेंगे।


# 'पीएम मोदी 8 जून को लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ, एनडीए में शामिल नेता का बड़ा दावा



**लखनऊ, 04 जून [एजेंसी]।**

सुभासपा के प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने लोकसभा चुनाव के रिजल्ट से पहले इंडी गठबंधन पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस मुस्लिमों को भाजपा के खिलाफ भड़का रही है। एनडीए के सहयोगी राजभर ने उत्तर प्रदेश में एक लोकसभा सीट चुनाव लड़े हैं।एग्जिट पोल के रिजल्ट में भाजपा को मिली बढ़त का समर्थन करते हुए राजभर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 8 जून को प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार शपथ ग्रहण करेंगे। उन्होंने कहा कि जीत का दावा करने वाले इंडी गठबंधन के नेता दुबई और इटली निकल जाएंगे।

राजभर ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि आजादी के समय देश में 38 प्रतिशत मुसलमान सरकारी सेवाओं में थे और कांग्रेस-सपा ने उनको एक प्रतिशत पर ला दिया। इसके साथ ही उनके दिलों भाजपा के खिलाफ नफरत का बीज बो दिया। राजभर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक ऐसे व्यक्ति हैं जो मुसलमानों के लिए काम कर रहे हैं और उनके अधिकारों को दिलाने की बात करते हैं, इसलिए देश में मुसलमान भी अब भाजपा का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि 4 जून से पहले ही यह मैं कह सकता हूं कि एनडीए 400 पार होगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी 8 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे।



## सनी सिंह की लव की अरेंज मैरिज का पहला पोस्टर जारी, जी5 पर होगी रिलीज

बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर जोकि इससे पहले टीवी में काम करती थी ने अपनी फिल्म का पोस्टर रिलीज किया है। फिल्म का नाम लव की अरेंज मैरिज है जिसमें वो सनी सिंह के साथ नजर आएंगी।

लव की अरेंज मैरिज जल्द ही जी5 पर रिलीज होगी। लेकिन अभी इसकी रिलीज डेट के बारे में कुछ नहीं पता है। जी5 ने इंस्टाग्रम पर लिखा,बैंड, बाजा, बारात और परिवार। इस शादी के मौसम में उलझन का अनुभव करने के लिए तैयार हो जाइए।

लव की अरेंज मैरिज में अवनीत और सनी सिंह के अलावा अन्नू कपूर, सुप्रिया पाठक,राजपाल यादव,सुधीर पांडे और परितोष त्रिपाठी जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन गुठली लड्डू के डायरेक्टर इशरत खान करेंगे। विनोद भानुशाली और राज शांडिल्य इस फिल्म के निर्माता हैं।


पोस्टर को देखकर लग रहा है कि फिल्म की कहानी में सनी सिंह और अवनीत कौर के बीच रोमांस दिखाया जाएगा। ये एक छोटे शहर की कहानी होगी जिसमें एक युवा जोड़े लव (सनी सिंह) और इशिका (अवनीत कौर) की कहानी को दर्शाया जाएगा। फोटो में दोनों की केमिस्ट्री साफ देखने को मिल रही है। दोनों ने हाथ में एक पिंक कलर का गुलाब भी पकड़ा हुआ है। फिल्म के पोस्टर ने फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ा दी है।

हाल ही में अवनीत कौर कांस फिल्म फेस्टिवल में भी नजर आई थीं। यहां उन्होंने अपनी अपकमिंग इंटरनेशनल फिल्म लव इन वियतनाम की भी घोषणा की।

अवनीत कौर अपने लॉन्च से पहले ही दर्शकों के बीच काफी ज्यादा फेमस थीं और उनकी फैन फॉलोविंग भी काफी ज्यादा है। उन्होंने साल 2023 में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के अपोजिट फिल्म टीकू वेड्स शेरू से बॉलीवुड में कदम रखा था। फिल्म में अवनीत के अभिनय की किटिक्स ने काफी ज्यादा तारीफ की थी।

## मिस्टर एंड मिसेज माही के आगे फीकी पड़ी सावी!

दिव्या खोसला स्टारर फिल्म सावी ने थिएटर्स पर दस्तक दे दी है. सावी 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है और ऐसे में फिल्म का कई दूसरी फिल्मों के साथ क्लैश भी हुआ है. इसके बावजूद सावी बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन ठीक-ठीक ओपनिंग करने में कामयाब रही. वहीं अब दूसरे दिन का कलेक्शन भी सामने आ गया है जिसमें फिल्म की कमाई में थोड़ी घटती दिख रही है.



सैकनिल्क की मानें तो सावी ने पहले दिन 1.6 करोड़ रुपए के कलेक्शन के साथ बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग ली. वहीं दूसरे दिन दिव्या खोसला की फिल्म के कलेक्शन में थोड़ी कमी आई और इसने 1.50 करोड़ रुपए का कारोबार किया है. अब घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सावी की कुल कमाई 3.10 करोड़ रुपए हो गई है.

सावी के साथ-साथ 31 मई को मिस्टर एंड मिसेज माही और छोटा भीम भी रिलीज हुई हैं. ऐसे में दिव्या खोसला की फिल्म पर क्लैश का असर दिखाई दे रहा है. राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के आगे सावी का कलेक्शन काफी कम है. जहां सावी ने दूसरे दिन 1.50 करोड़ रुपए कमाए तो वहीं मिस्टर एंड मिसेज माही का कलेक्शन 4.50 करोड़ रहा.

सावी के साथ-साथ 31 मई को मिस्टर एंड मिसेज माही और छोटा भीम भी रिलीज हुई हैं. ऐसे में दिव्या खोसला की फिल्म पर क्लैश का असर दिखाई दे रहा है. राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के आगे सावी का कलेक्शन काफी कम है. जहां सावी ने दूसरे दिन 1.50 करोड़ रुपए कमाए तो वहीं मिस्टर एंड मिसेज माही का कलेक्शन 4.50 करोड़ रहा.

फिल्म में दिव्या खोसला लीड रोल में हैं, जिन्होंने सावी का किरदार निभाया है. इसके अलावा हर्षवर्धन राणे सत्यनारायण के रोल में हैं और अनिल कपूर भी अहम भूमिका अदा करते नजर आए हैं.

# उठते-बैठते पी रहे प्लास्टिक की बोतल में पानी जान लें कितनी खतरनाक हो सकती है आपकी ये आदत

घर से लेकर ऑफिस और सफर तक आज बोतलबंद पानी हमारी लाइफ का अहम हिस्सा हो गया है. हम बेफिक्र होकर इसका इस्तेमाल कर रहे हैं. अगर आप भी ऐसा कर रहे हैं तो इसका मतलब अपनी बॉडी में जहर भर रहे हैं.



प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज नाम की संस्थान ने एक स्टडी में डराने वाला खुलासा किया है. जिसमें बताया गया है कि एक लीटर बोतलबंद पानी में करीब 2.40 लाख प्लास्टिक के महीन टुकड़े मौजूद होते हैं.जिसकी वजह से सेहत को गंभीर और जानलेवा खतरे हो सकते हैं.

क्या है रिसर्च- हालिया रिसर्च में शोधकर्ताओं को प्लास्टिक की बोतल में मौजूद एक लीटर पी में ही 100,000 से ज्यादा नैनोप्लास्टिक मिले हैं. ये इतने छोटे कण होते हैं, जो ब्लड सर्कुलेशन, कोशिकाओं और दिमाग तक में पहुंच सकते हैं और कई खतरे बढ़ा सकते हैं. ऐसे में सावधान रहने की जरूरत है.

प्लास्टिक की बोतल में पानी क्यों खतरनाक-

एक्सपर्ट्स के अनुसार, प्लास्टिक की बोतल के पानी में बिस्फेनॉल-ए और फेथलेट्स जैसे केमिकल्स घुल जाते हैं. जब बोतल का पानी धूप या गर्मी के संपर्क में आता है तो ये केमिकल्स पानी में घुल जाते हैं और शरीर के अंदर पहुंचकर नुकसान पहुंचाते हैं. इसके अलावा प्लास्टिक कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन और क्लोराइड से बनता है, जिसे बीपीए प्लास्टिक की पानी की बोतल बनाने में इस्तेमाल किया जाता है.

प्लास्टिक बोतल में पानी पीने से क्या खतरें

1. डायबिटीज और दिल को खतरा

हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ की रिसर्च के अनुसार, पॉली कार्बोनेट की बोतलों के पानी में बिस्फेनॉल ए केमिकल होता है, जो जब शरीर में जाता है तो दिल की बीमारियों और डायबिटीज का खतरा कई गुना तक बढ़ा सकता है.

2. प्रजनन क्षमता प्रभावित

प्लास्टिक की बोतल में पानी पीने से उसमें मौजूद बीपीए और फैथलेट्स केमिकल प्रजनन क्षमता तक को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है. इस पानी को पीने से हार्मोनल संतुलन भी बिगड़ सकता है. इसकी वजह से बांझपन जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं.

3. कैंसर का खतरा-एक्सपर्ट्स के अनुसार, प्लास्टिक की बोतल में पानी पीने से कई तरह के कैंसर का खतरा बढ़ सकता है. इससे ब्रेस्ट और ब्रेन कैंसर हो सकता है. प्लास्टिक की पॉलिथीन में रखी गर्म चीज खाने या पीने से कैंसर का जोखिम बहुत ज्यादा बढ़ सकता है. इस पानी को पीने से ल्यूकेमिया और लिंफोमा जैसी बीमारियों का भी खतरा रहता है.

# केले के फायदे कर देंगे आपको हैरान सेहत ही नहीं त्वचा के लिए भी है वरदान



जैसा कि हम सभी जानते हैं केला एक स्वादिष्ट और पौष्टिक फल है, जो सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना गया है. इसमें विटामिन, खनिज और फाइबर जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है. यह सेहत के साथ-साथ त्वचा के लिए भी काफी लाभदायक माना गया है. इसका इस्तेमाल कर लोग अपने चेहरे की सुंदरता को बढ़ा सकते हैं और पिंपल्स दाग धब्बों से छुटकारा पा सकते हैं.

त्वचा के लिए केले के फायदे

केले में पोटेशियम होता है, जो त्वचा को मॉइस्चराइज करने में काफी मदद करता है. यह मुंहासों से लड़ने की ताकत रखता है और त्वचा को चमकदार बनाने में काफी मदद करता है. यही नहीं केला झुर्रियों को कम करता है और चेहरे को हमेशा जवान रखता है. गर्मी के दिनों में सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने में भी केला काफी मदद करता है. जिन लोगों को डार्क सर्कल्स की समस्या है, वह केले का इस्तेमाल कर सकते हैं. यह डार्क सर्कल्स को कम कर सकता है. त्वचा के साथ-साथ केला बालों के लिए भी किसी वरदान से कम नहीं है. इसका इस्तेमाल कर आप अपने बालों को लंबा, घना और खूबसूरत बना सकते हैं.

केले का इस्तेमाल

आप केले का इस्तेमाल कर फेस पैक बना सकते हैं इसके लिए आपको एक केले को पीस लेना होगा, उसमें दही को मिलाकर अच्छे से पेस्ट तैयार कर लेना होगा. इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर 20 मिनट तक लगा रहने दे, इसके बाद गुनगुने पानी से धो लें. केला और दही दोनों आपकी त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करेगा.


इसके अलावा आप पीसे हुए केले में एक चम्मच हल्दी और एक चम्मच नीम का पाउडर मिला लें. इसको अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना ले. इस पेस्ट को 15 से 20 मिनट तक अपने चेहरे पर लगाएं,

फिर साफ पानी से धो लें. ऐसा करने से पिंपल से जुड़ी सभी परेशानियां दूर होगी. इस फेस पैक का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें, क्योंकि कुछ लोगों को इससे एलर्जी हो सकती है. ऐसा होने पर डॉक्टर की सलाह जरूर लें.

सेहत के लिए केले के फायदे

केला पाचन तंत्र को मजबूत बनाने में मदद करता है और कब्ज, एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है. केले में पोटैशियम भरपूर होता है, जो रक्तचाप को कम करने में मदद करता है और हृदय संबंधित समस्या से राहत दिलाता है. केला मांसपेशियों की ऐंठन को रोकने में काफी मदद करता है. यही नहीं केला हड्डियों को मजबूत बनाने में भी काफी कारगर माना गया है. यह ऊर्जा का स्तर बढ़ाने में भी काफी उपयोगी माना गया है.

## वेब सीरीज द लीजेंड ऑफ हनुमान 4 का ट्रेलर जारी



अगर आप एनिमेटड फिल्मों और वेब सीरीज के दीवाने हैं तो तैयार हो जाइए. ऐसा इसलिए क्योंकि द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन 4 डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर जल्द ही आने वाला है. इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है जिसमें हनुमान जी अपनी भूली-बिसरी शक्तियों को वापस याद करते हैं. इसके साथ ही कुंभकरण के साथ उनका भीषण युद्ध देखने को मिलेगा. इसका ट्रेलर डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर शेयर किया गया है जिसे आपको देखना चाहिए.द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 4 का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा गया, युद्ध के मैदान में जाग उठा है कुंभकरण, देखिए पवनपुत्र हनुमान की कहानी का अगला चरण. ये ट्रेलर आपको काफी पसंद आने वाला है जिसमें प्रभु श्रीराम की भक्ति देखने को मिलेगी. 5 जून से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर द लीजेंड ऑफ हनुमान का नया सीजन स्ट्रीम होगा. नया सीजन और भी रोमांचक होने वाला है जिसमें कुंभकरण अपनी राक्षसी शक्ति का प्रदर्शन करेगा, इंद्रजीत अपनी घातक योजनाओं का जाल बिछाएगा और अहिरावण अपने दुष्ट इरादों को अंजाम देगा.

# हारमोनियम लिए इलैयाराजा बने दिखे धनुष साझा किया फिल्म का दमदार पोस्टर

साउथ सुपरस्टार धनुष आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने बहुमुखी अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया है। हाल में ही वह फिल्म कैप्टन मिलर में नजर आए थे। अब वह जल्द ही मशहूर संगीतकार इलैयाराजा के बायोपिक में नजर आने वाले हैं। उनकी यह फिल्म तमिल इंडस्ट्री की बहुप्रतीक्षित फिल्म है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसके लिए लगातार हाइप बनी हुई है। अब इलैयाराजा के 81वें जन्मदिन पर अभिनेता ने फैंस को अपने किरदार की एक झलक दिखाई है।



महान संगीतकार इलैयाराजा के 81वां जन्मदिन को खास बनाते हुए अभिनेता ने फिल्म का एक नया पोस्टर साझा किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए लिखा,सिर्फ और एकमात्र इलैयाराजा को जन्मदिन की शुभकामनाएं। पोस्टर में धनुष अपने हारमोनियम के साथ भीड़ के सामने खड़े दिखाई दे रहे हैं। वहीं, उनके पीछे उनका बैंड नजर आ रहा है। फैंस इस पोस्टर को देखने के बाद फिल्म के लिए काफी उत्साहित हो गए हैं। उन्होंने पोस्टर को लेकर अपनी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दी हैं। एक फैन ने लिखा,धनुष आप सबसे बेहतरीन अभिनेता हो, इस फिल्म का अब और इंतजार नहीं कर सकता। एक और फैन ने लिखा,जन्मदिन की शुभकामनाएं सर। भगवान आपको इस उम्र में और ऊर्जा दे। एक और अन्य फैन ने फिल्म को लेकर उत्साह जताते हुए लिखा,लव यू थलाइवा, इलैयाराजा की बायोपिक का इंतज़ार नहीं कर सकता।

## शब्द सामर्थ्य -077

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 076 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | | | स |
| ट | | भ | ला | ई | | अ | स | म |
| ना | म | | | स | मा | धि | | झ |
| | ज | | बे | | न | का | र | ना |
| बा | बू | | आ | य | क | र | | |
| | र | की | ब | | | | प्र | था |
| ज | | | रू | प | क | | ज | न |
| हा | | पा | | ना | म | ची | न | |
| ज | हां | प | ना | ह | | ता | न | ना |



## सलोनी बत्रा ने गांठ में अपने रोल पर कहा बॉडी लैंग्वेज और टोन पर करना पड़ा काम

एक्ट्रेस सलोनी बत्रा जल्द ही थ्रिलर सीरीज गांठ में नजर आने वाली हैं। उन्होंने अपने रोल के बारे में बात करते हुए बताया कि उन्हें इसके लिए अपनी बॉडी लैंग्वेज और टोन पर काम करना पड़ा।

मानव विज और मोनिका पंवार स्टारर गांठ की शूटिंग दिल्ली में चल रही है। सीरीज में सलोनी एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। सलोनी ने कहा, यूनिफॉर्म में होना अपने आप ही जिम्मेदारी की भावना पैदा करता है, खासकर गांठ जैसे शो के लिए, जिसकी कहानी पूरी तरह से एक क्रूर अपराध की जांच के इर्द-गिर्द घूमती है।

ट्रेलर में पुलिस इंस्पेक्टर गदर सिंह और साइकियाट्रिक साक्षी मुर्मू एक साथ मिलकर सामूहिक आत्महत्या मामले को सुलझाते हुए दिख रहे हैं, जिसमें एक घर में सात शव लटके हुए मिले थें। उनकी जांच में कई पहलू सामने आए, जिनमें गंभीर अपराध, धार्मिक विश्वास, अंधविश्वास और सामाजिक मनोविकृति है।

सीरीज के बारे में बात करते हुए सलोनी ने कहा, स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद, मैं अपने किरदार को निभाने के लिए बेहद एक्साइटेड थी। यह मेरे द्वारा पहले किए गए किरदारों से बिल्कुल अलग था। मुझे बॉडी लैंग्वेज, टोन, सीनियर्स और साथी सदस्यों के साथ रिश्ते और सबसे महत्वपूर्ण बात, बैकस्टोरी पर काम करना था। एक्ट्रेस ने कहा कि इन बारीकियों पर काम करने में बहुत मजा आया। उन्होंने कहा, मानव की मौजूदगी ने मेरे लिए हर पल को और भी बेहतर बना दिया। उनकी ईमानदारी, एनर्जी और हमारे बीच की दोस्ती ने शूटिंग को और भी मजेदार बना दिया। उन्होंने अपने एक्सपीरियंस से मेरी बहुत मदद की। कनिष्क वर्मा द्वारा निर्देशित, यह सीरीज 11 जून को जिओ सिनेमा पर प्रीमियर होगी। बता दें कि सलोनी ने संदीप रेड्डी वांगा की डायरेक्शन में बनी एक्शन क्राइम थ्रिलर एनिमल में रणबीर सिंह की बहन रीत का किरदार निभाया था। इस फिल्म में रणबीर कपूर, बॉबी देओल, अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, सुरेश ओबेरॉय और सलोनी बत्रा समेत कई कलाकारों ने अहम रोल प्ले किया था।



## शर्लिन चोपड़ा ने प्रिंटेड बिकनी पहन गिराई बिजली, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया तापमान

बॉलीवुड एक्ट्रेस शर्लिन चोपड़ा सोशल मीडिया पर हमेशा अपनी हॉट और ग्लैमरस तस्वीरों से धमाल मचाती रहती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह प्रिंटेड बिकनी पहनी हुई नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों में शर्लिन चोपड़ा खुले बालों और ग्लोइंग मेकअप के साथ पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं. उनकी हॉटनेस देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं. इन तस्वीरों पर सोशल मीडिया पर कई लाइक्स और कमेंट्स आ चुके हैं. फैंस शर्लिन की खूबसूरती और हॉटनेस की तारीफ कर रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, आप तो आग लगा रही हैं शर्लिन जी. वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा, आप इतनी खूबसूरत कैसे हो सकती हैं. शर्लिन चोपड़ा अक्सर अपनी बोल्ड और बेबाक तस्वीरों और वीडियो के लिए सुर्खियों में रहती हैं. मोना चोपड़ा उर्फ़ शर्लिन चोपड़ा एक भारतीय मॉडल-फिल्म अभिनेत्री हैं। वह हिंदी सिनेमा में अपने ग्लैमरस अंदाज और प्लेबॉय मैगजीन के लिए जानी जाती हैं। शर्लिन चोपड़ा का जन्म 11 फ़रवरी 1984 को हैदराबाद में हुआ था। शर्लिन ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत वर्ष 2005 में फिल्म टाइमपास से की थी। उसके बाद उन्होंने कई हिंदी फिल्मों में सहायक भूमिकाये अदा की। वह निर्देशक रुपेश पॉल की इंग्लिश फिल्म कामसूत्र 3 डी की मुख हीरोइन रह चुकीं हैं। इस फिल्म की स्क्रीनिंग 66 कंस फिल्म फेस्टिवल समारोह में भी की गयी थी। शर्लिन बड़े पर्दे के अलावा छोटे पर्दे पर भी सक्रियर हैं। वह कलर्स के बहुचर्चित और बहुविवादित शो बिगबॉस सीजन 3 का हिस्सा रह चुकीं हैं। हालांकि वह शो में ज्यादा दिन नहीं टिक सकी और 27वें दिन उन्हें घर से बेघर होना पद गया।

# मतगणना के परिणामों से पूर्व भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं का किया उत्साहवर्धन

**बैकुंठपुर कोरिया।** कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश का संचार करते हुए जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने एग्जिट पोल पर 421 सीट के जीतने के दावे को सही ठहराते हुए छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों को जीतने की बात कही साथ ही उन्होंने कहा की आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से हम कोरिया जिले से कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय जी को बड़ी बढ़त का सौगात देंगे जो 4 जून को देखने को मिलेगा।

तत्पश्चात जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने सभी कार्यकर्ताओं को 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियों को लेकर उन्हें दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने बारी बारी सभी कार्यकर्ताओं चुनाव अभिकर्ताओं पोलिंग एजेंट को सौंपी गई जिम्मेदारी से अवगत कराते हुए 4 जून के मतगणना पर ध्यानाकर्षण कराया और मतगणना दिवस अपने अपने दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी पूर्वक करने की बात कही । बैठक में उपस्थित भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य श्री राकेश पांडेय ने कार्यकर्ताओं को उनके मेहनत और ईमानदारी से चुनावी कार्य करने के लिए उनका धन्यवाद किया उन्होंने कहा की चुनावी वर्ष बहुत चुनौती भरा होता है उसके बाद भी अगर लगातार दो दो चुनाव में कार्यकर्ताओं को लगातार मेहनत करनी पड़े और सफलता पूर्वक लक्ष्य की प्राप्ति हो तो उसका सीधा श्रेय भाजपा कार्यकर्ताओं को ही जाता है क्योंकि वे बिना किसी स्वार्थ के अपना अन्य दायित्व छोड़कर रात दिन सिर्फ पार्टी का कार्य करते हैं और जिनके कार्यों की वजह से भाजपा अपनी अविश्वसनीय पहचान बनाकर देश में ऐतिहासिक कार्य करती जा रही है।




उन्होंने कहा एक संयोग यह भी रहा है की नामांकन, वोटिंग मंगलवार को हुआ और अब मतगणना भी शुभ दिन मंगलवार को होने जा रही है। राकेश पांडेय ने भाजपा कार्यकर्ताओं को कोरबा लोकसभा सीट जीतने की अग्रिम बधाई देते हुए उनका सम्मान किया और कहा की तपती गर्मी और धूप में आप सभी ने कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय और भाजपा के लिए जी जान से मेहनत किया है चुनाव में जीत के बाद जश्न की उम्दा तैयारी है जिसमे सभी एक एक कार्यकर्ता मिलेंगे और खुशियां मनाएंगे। श्री पांडेय ने मतगणना दिवस अपनी अपनी जिम्मेदारी के लिए तत्पर रहने कार्यकर्ताओं से अपील की। बैठक में मुख्य रूप से बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े, जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, भाजपा नेता राकेश पांडेय,जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी,जिला महामंत्री पंकज गुप्ता,विनोद साहू,राजेश सिंह, भानू पाल, विमलकांत गुप्ता सहित भाजपा के सभी मोर्चों और प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म से किशोरी बनी मां नवजात को किया गायब

**बिश्रामपुर।** दैहिक शोषण की शिकार नाबालिग ने बच्चे को जन्म दिया। आरोपित ने एक साल तक पीड़िता को अपने घर पर रखा। इस बीच नवजात को उसने गायब करवा दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित मां -बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं बच्चे को गायब कर देने के मामले में आरोपित के फरार भाई की पुलिस सरगर्मी से तलाश में जुटी है।

सूरजपुर जिले के एक व्यक्ति ने 15 वर्ष से कम आयु की किशोरी को प्रेम जाल में फंसाकर शादी का झांसा देते हुए 13 मार्च 2022 से शारीरिक संबन्ध बनाया। एक साल तक किशोरी को अपने घर मे भी रखा। गर्भवती होने पर बीते नौ जनवरी 2023 को किशोरी को आरोपित व उसकी मां ने मिशन अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराकर प्रसव कराया। किशोरी ने बच्चे को जन्म दिया था। आरोपित के बड़े भाई ने नवजात को चिकित्सक को दिखाने का झांसा दिया था। उसे अपने साथ ले गया था और आज पर्यन्त वापस नही लाया। आरोपित अब पीड़िता से शादी करने से इंकार करते हुए उसे भगा दिया। किशोरी की रिपोर्ट पर बीते रविवार को पुलिस ने आरोपित , उसके बड़े भाई व मां के विरुद्ध धारा 376 (3), 376 (2) (एन), 363 एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा के तहत अपराध दर्ज किया।

# कोयला वाहन ने बोरवेल गाड़ी को टक्कर मारी, 7 कामगार जख्मी

**बिश्रामपुर।** रविवार देर रात अजबनगर गांव में हाइवे पर किनारे खड़े बोरवेल वाले वाहन में कोयला लोड वाहन चालक द्वारा तेज टक्कर मार दिए जाने से बोरिंग गाड़ी के सात मजदूर समेत आरोपित ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका मिशन अस्पताल अंबिकापुर में इलाज जारी है। बिश्रामपुर अंबिकापुर हाईवे पर अजबनगर गांव में घटित घटना के बारे में बताया गया कि गोयल बोरवेल कंपनी की बोरिंग मशीन गाड़ी एवं पाइप लोड गाड़ी हाइवे किनारे खड़ी थी।

बोरवेल कंपनी के कुछ मजदूर गाड़ी में मोटरसाइकिल लोड कर रहे थे और कुछ मजदूर खड़े होकर पानी पी रहे थे। इस दौरान अनूपपुर से कोयला लोड कर तेज रफ्तार में ओडिशा जा रहे ट्रक के चालक मोहम्मद शाहिद ने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बोरिंग गाड़ी के पीछे खड़ी पाइप लोड गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वहां सड़क किनारे पलट गई। इस दुर्घटना में बोरवेल कंपनी के सात मजदूर एवं आरोपित ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बोरवेल कंपनी के संचालक ने तत्काल घटनास्थल पहुंचकर जयनगर पुलिस की मदद से दुर्घटना में घायल सभी घायलों को तत्काल मिशन अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया जहां उनका उपचार जारी



है। दुर्घटना में घायल मजदूर प्रमोद एवं आरोपित ट्रक चालक मोहम्मद शाहिद की हालत गंभीर बताई जा रही है। सड़क दुर्घटना में बोरवेल कंपनी के मजदूर प्रमोद निवासी शंकरगढ़, अंकुश लकड़ा निवासी दमाली दरिमा, हाकुम सिंह निवासी सेमरडीह लुंड्रा, दुखनासन नायर निवासी महासमुंद, संतोष मिंज निवासी शंकरगढ़, मोहन नागवंशी निवासी लुंड्रा एवं आरोपित ट्रक चालक मोहम्मद शाहिद डोमनहील चिरमिरी घायल हुए है।

## मिनी ट्रक और आटो के बीच भिड़ंत में एक व्यक्ति घायल

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर से आटो बुकिंग करके परिवार समेत वापस बिश्रामपुर आ रहे कारपेंटर के आटो को रेत लोड मिनी ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में आटो में सवार लोगों को चोट आई है। इसमें कारपेंटर की हालत गंभीर बताई जा रही है। बिश्रामपुर फोकटपारा निवासी कारपेंटर श्याम शर्मा अपने परिवार सहित गृहग्राम औरंगाबाद से वापस अंबिकापुर आए थे। इसके पश्चात शनिवार तड़के अंबिकापुर से आटो बुकिंग करके चालक अंबिकापुर गंगापुर निवासी हिमांशु गुप्ता के साथ वापस बिश्रामपुर आ रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेलईकछार शशिपुर में अवैध रेत लोड कर अंबिकापुर की ओर जा रहे अज्ञात मिनी ट्रक चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए आटो क्रमांक सीजी 15 डीजेड 4887 को सामने से जबरदस्त टक्कर मार दी।

## प्राकृतिक आपदा राहत के तहत मृतकों के वारिसों को 16 लाख रूपये की मंजूरी

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधान 1 दिसम्बर 2022 में निहित प्रावधान अनुसार राजस्व पुस्तक 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6 (1) के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत करने का प्रावधान है। इसी कड़ी में अपर कलेक्टर बैकुण्ठपुर से मिली जानकारी अनुसार बैकुण्ठपुर तहसील के ग्राम जामपानी की श्रीमती सुमित्रा की आकाशीय बिजली से मृत्यु होने पर उनके वारिश श्री भईयालाल, ग्राम खाड़ा की श्रीमती लक्ष्मनिया की कुआं में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिश श्री रमेश एवं तहसील पोड़ी (बचरा) के ग्राम अमका निवासी श्री अहिबरन को सर्प काटने से मृत्यु होने पर उनके वारिश श्रीमती धनमत बाई तथा ग्राम जिल्दा की श्रीमती जानकुवंर की कुआं में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिश श्री लालचंद को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत की गई है।

## प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 9 को

**कोरिया।** शिक्षा सत्र 2024-25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा रविवार, 09 जून 2024 को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक (3 घंटे) बैकुण्ठपुर विकासखण्ड के पटना स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित की गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने जानकारी दी है कि चयन परीक्षा के लिए कक्षा 09वीं के लिए जिन विद्यार्थियों के आवेदन स्वीकृत किए गए हैं अथवा जिन विद्यार्थियों के आवेदन स्वीकृत नहीं किए गए हैं, वे वेबसाइटhttps://eklavya-cg-nic-in/PRSMS/Student-Admission -Detail पर जाकर अपने आवेदन क्रमांक एवं अपने अभिभावक के मोबाइल नम्बर की सहायता से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं वहीं आवेदन अस्वीकृत होने का कारण भी पता कर सकते हैं। परीक्षार्थी परीक्षा हेतु काले एवं नीले रंग के बाल पेन के साथ उपस्थिति अनिवार्य हैं। परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होंगे। जानकारी के मुताबिक पात्र अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र संबंधित विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, सोनहत से भी प्राप्त कर सकते हैं।

## सड़क दुर्घटना में स्वास्थ्य विभाग के आरएचओ की मौत

**बतौली।** रविवार देर शाम बतौली-बगीचा रोड पर बिलासपुर के पास सड़क दुर्घटना में स्वास्थ्य विभाग के आरएचओ की मौत हो गई। बतौली के सरमना में आरएचओ के पद पर पदस्थ ईश्वर दयाल एक्का बिलासपुर- बगीचा रोड पर क्रशर के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गए और वहीं उनकी मौत हो गई। उनके चेहरे पर काफी गंभीर चोटें आई थी। 112 वाहन के माध्यम से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली लाए गया था। गौरतलब है कि इस समय राष्ट्रीय राजमार्ग सहित आसपास की सड़कें दुरुस्त हालात में हैं जिस वजह से तेज गति में लोग वाहन चलाते हैं और दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं।

# ज्वेलरी दुकान में चोरी, संचालक को 15 लाख की चपत

**सूरजपुर।** सोमवार तड़के अज्ञात चोरों ने नगर के भैयाथान रोड स्थित विकास ज्वेलर्स के पिछले हिस्से से घुसकर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। चोरो ने दुकान में रखी करीब पांच लाख रुपये नकदी सहित करीब 15 लाख रुपये के सोने चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ किया है। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। कोतवाली पुलिस ने चोरी का अपराध दर्ज कर संदेहियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

मामला सोमवार तड़के चार से पांच बजे के बीच की है। नगर के भैयाथान रोड में पंचदेव मन्दिर के समीप स्थित विकास ज्वेलर्स में अज्ञात नकाबपोश चोरो ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। बताया गया कि ज्वेलरी दुकान के संचालक विकास सोनी रोजाना की भांति रविवार को भी रात साढ़े नौ बजे दुकान बंद कर अपने गोपालपुर स्थित नए घर चले गए थे। दुकान में ही पीछे तरफ उनकी माता तारा देवी व पिता सुरेंद्र प्रसाद सोनी सो रहे थे। सोमवार को सुबह उठने पर चोरी का पता चलने पर सुरेंद्र सोनी ने अपने पुत्र विकास सोनी को चोरी होने की सूचना दी। विकास ने तत्काल वहां पहुंचकर देखा कि चोरो ने पिछवाड़े से घुसकर ग्रिल गेट के दोनों तालों को तोड़ने के बाद पीछे के शटर को क्षतिग्रस्त कर घर के अंदर प्रवेश किया और उसके बाद पीछे से दुकान में जाने के लिए लगे कांच के




गेट के लॉक को क्षतिग्रस्त कर दुकान से चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। जिसकी सूचना उन्होंने तत्काल कोतवाली पुलिस को दी। बता दें कि दुकान के पिछले हिस्से में ही विकास सोनी के नए घर का निर्माण जारी है। इसमे कोलकाता के कारीगर भी काम कर रहे है। पुलिस उन्हें भी पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई है। माना जा रहा है कि चोरों ने निर्माणाधीन मकान के पिछवाड़े स्थित वेंटिलेशन के सहारे ही अंदर प्रवेश कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने तीन अज्ञात चोरों के विरुद्ध धारा 457, 380, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। ज्वेलरी दुकान संचालक विकास सोनी के मुताबिक चोरो ने दराज को तोड़कर उसमे रखे करीब पांच लाख रुपये की नगद रकम के साथ ही काउंटर में रखे दो सौ ग्राम वजनी सोने के जेवरातों तथा चार किलो वजनी चांदी के जेवरातों की चोरी की है। उन्होंने पांच लाख रुपये नगदी के अलावा करीब 15 लाख के जेवरातों की चोरी होने की बात बताई। सूचना पर एसपी एमआर माहिरे भी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इधर एडिशनल एसपी संतोष महतो ने भी टीआई विमलेश दुबे व पुलिस टीम एवं पुलिस डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंचकर वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए चोरी की घटना का बारीकी से निरीक्षण किया। सीसीटीवी फुटेज देखा। इधर सोमवार शाम तक फोरेंसिक एक्सपर्ट के भी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने की बात कही जा रही है। साइबर टीम भी मौके पर पहुंची। चोरी की घटना दुकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसमें सोमवार तड़के करीब चार बजे तीन नकाबपोश चोर सब्बल लेकर चोरी की वारदात को अंजाम देते नजर आ रहे है। हालांकि चोरो ने कई सीसीटीवी कैमरों को डिस्टर्ब भी कर दिया था। पुलिस सीसीटीवी कैमरे व आधुनिक तकनीक के जरिये चोरों तक पहुंचने की कोशिश में जुट गई है। चोरी का सुराग लगाने हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। संदेहियो की धरपकड़ जारी है। जल्द से जल्द चोरी का सुराग लगाने के लिए स्पेशल टीम गठित की जाएगी।

# प्रतिदिन वाहनों की जांच, नियम तोड़ने वाले पकड़ में आ रहे

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए सरगुजा पुलिस लगातार जांच अभियान चला रही है। नियमों की अवहेलना करने वाले चालकों से जुर्माना वसूला जा रहा है। प्रकरण न्यायालय में भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं, इसके बाद भी नियम तोड़ने वालों की संख्या में कमी नहीं आ रही है। लगातार जांच व कार्रवाई के बाद शहर में मनमाना पार्किंग, सिग्नल तोड़ने, दो पहिया में तीन सवारी तथा मोबाइल पर बात करने वाले पकड़ में आ रहे हैं। आचार संहिता प्रभावशील होने के साथ ही पुलिस ने वाहनों की जांच का अभियान चलाया था। जांच अभियान अभी भी चल रहा है। प्रतिदिन बड़ी राशि बतौर जुर्माना वसूल की जा रही है लेकिन चालकों की आदत में कोई खास सुधार नजर नहीं आ रहा है। सरगुजा पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्रवाई की जा रही हैं।

इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा शहर में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन मे बात करने वाले , मौके पर वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नही करने, दोपहिया वाहन मे तीन सवारी एवं बिना वर्दी के सार्वजानिक सेवा का वाहन चलाने वाले वाहन चालकों, खतरनाक ढंग से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों, रेड सिग्नल जम्प करने वाले ,नियम विरुद्ध पार्किंग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 83 वाहन चालक से 59 हजार 450 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं। कार्रवाई के दौरान वाहन चलाते समय मोबाइल फ़ोन पर बात करने वाले 24 वाहन चालको से 7200 रुपये, वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर सात वाहन चालकों से 2100 रुपये, दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले चार वाहन चालकों से 2000 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया हैं, बिना वर्दी के सार्वजानिक सेवा का वाहन चलाने वाले चार वाहन चालकों से 1200 रुपये, खतरनाक ढंग से वाहन चलाने वाले आठ वाहन चालकों से 16000 रुपये, रेड सिग्नल जम्प करने वाले आठ वाहन चालकों से 2400 रुपये, नियम विरुद्ध पार्किंग के मामले में तीन वाहन चालकों से 900 रुपये शुल्क वसूल किया गया साथ ही अन्य यातायात नियमो की अवहेलना करने वाले 10 वाहन चालकों से कुल 22 हजार 750 रुपये शुल्क वसूल किया गया हैं। सरगुजा पुलिस द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमों के पालन हेतु सख्ती से लगातार जांच की जा रही हैं, सरगुजा पुलिस ने आमनागरिकों से अपील की हैं कि आमनागरिक यातायात के नियमों का पालन कर कार्रवाई से बचें।

## भाजपा नेता ने दम्पत्ति को पीटा घटना सीसीटीवी में कैद

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले से भाजपा नेता और उसके भाई पर बुजुर्ग दंपति को पीटने का आरोप है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पूरा मामला झिलमिली थानाक्षेत्र के भैयाथान का है। मिली जानकारी के अनुसार, सूरजपुर में भाजपा नेता और उसके भाई पर बुजुर्ग दंपति को पीटने का आरोप लगाया गया है। बताया जा रहा है कि, पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद बीजेपी नेता और भाई ने बुजुर्ग दंपति को पीटा।

# जमकर बारिश के साथ नवतपा के तेवर पड़े ढीले

**बैकुंठपुर।** नौ दिनों तक इस बार नौतपा खूब तपा किंतु नौतपा की समाप्ति के तत्काल बाद सोमवार को मौसम में व्यापक बदलाव आया। शाम चार बजे से सरगुजा संभाग के विभिन्न इलाकों में झमाझम बारिश हुई। शाम चार बजे से शुरू हुई बारिश अलग-अलग क्षेत्र में देर शाम तक कायम रही।कई दिनों से गर्मी से बेहाल लोग रिमझिम बारिश में भीगते भी नजर आए। मौसम पूरी तरह कूल कूल हो गया है। अब ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि सरगुजा क्षेत्र का मौसम बदल जाएगा। उधर मौसम विज्ञानी भी इस बार समय पर मानसून पहुंचने के संकेत दे रहे हैं।मौसम में आए अचानक बदलाव से गर्मी झेल रहे लोगों को बड़ी राहत मिली है। अधिकतम तापमान चार डिग्री गिरावट के साथ 38 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

नौतपा की तपन ने लोगों को बेहाल कर दिया था। पंखा, कूलर काम नहीं कर रहा था। घर से बाहर निकलने पर 44-45 डिग्री तापमान की झुलसा देने वाली गर्मी लोगों को मुसीबत में डाल रही थी। मौसम विज्ञानी एएम भट्ट ने बताया कि इस बार नौतपा की मान्यता अनुकूल रही है। मान्यता है कि नौतपा समाप्त होते ही वर्षा होनी चाहिए। इस बार नौतपा में तपन भी अच्छी रही और नौतपा की समाप्ति के साथ ही अच्छी वर्षा भी देखने को मिल रही है।




हालांकि यह वर्षा मानसून की वर्षा नहीं है। इस समय एक विक्षोभ पश्चिम की ओर से प्रभावी है जिसे अरब सागर की ओर से चक्रवाती हवाओं के नमी की ताकत भी मिल रही है। बिहार और उत्तर प्रदेश पर भी प्रभावी संचरण का सहयोग मिल रहा है। अगले एक दो दिनों में इस विक्षोभ के कमजोर पड़ने के साथ तापमान में उछाल की संभावना अभी बनी हुई है। मौसम विज्ञानी एएएम भट्ट ने बताया कि मानसून मध्य अरब सागर में आगे बढ़ा है। यह कर्नाटक, रायलसीमा, तटीय आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के भी कुछ हिस्सों तक प्रभावी हो चुका है। बंगाल की खाड़ी के मध्य-पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में भी मानसून की हवाएं चल रही हैं। सोमवार को पूर्वोत्तर के सभी राज्यों सहित बंग्लादेश तक इसकी दस्तक देखी जा सकती है।मानसून की आगे बढ़ने की परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं और उम्मीद है कि आठ जून के आसपास दक्षिण छत्तीसगढ़ के मुहाने मानसून छत्तीसगढ़ राज्य में प्रवेश कर लेगा। 24 घंटे के दौरान सरगुजा संभाग के विभिन्न स्थानों पर अच्छी बारिश हुई है। इसका आकलन भी मौसम विभाग ने किया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सरगुजा संभाग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई वर्षा। वाड्रफनगर 6.1 मिमी, कुसमी सामरी सात मिमी, शंकरगढ़ 8.1 मिमी,बैकुंठपुर - 2.6 मिमी,सोनहत 0.3मिमी,उदयपुर 1.4 मिमी, सीतापुर 0.1मिमी,मैनपाठ - 0.6 मिमी,बतौली तीन मिमी,रामानुजनगर 5.1 मिमी, प्रतापपुर 1.5 मिमी बारिश हुई है। इस बार नौतपा की मान्यता अनुकूल रही है। मान्यता है कि नौतपा समाप्त होते ही वर्षा होनी चाहिए। इस बार नौतपा में तपन भी अच्छी रही और नौतपा की समाप्ति के साथ ही अच्छी वर्षा भी देखने को मिल रही है। हालांकि यह वर्षा मानसून की वर्षा नहीं है। इस समय एक विक्षोभ पश्चिम की ओर से प्रभावी है जिसे अरब सागर की ओर से चक्रवाती हवाओं के नमी की ताकत भी मिल रही है साथ ही बिहार और उत्तर प्रदेश पर भी प्रभावी संचरण का सहयोग मिल रहा है। अगले एक दो दिनों में इस विक्षोभ के कमजोर पड़ने के साथ तापमान में उछाल की संभावना अभी बनी हुई है।

# कांग्रेस पार्षद ने पत्नी के प्रेमी को मार डाला,मुंगेली में पति को छोड़कर घर से भागी

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार जिले में कांग्रेस पार्षद ने अपनी पत्नी के प्रेमी की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि, दो बच्चों की मां उसे छोड़कर प्रेमी के घर रह रही थी। जिसे वापस ले जाने के लिए मुंगेली से सिमगा आया था। तभी उसके परिवार पर हमला कर दिया। मामला सिमगा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, दिलीप कुर्रे उर्फ राहुल मुंगेली जिले के वार्ड क्रमांक-14 से कांग्रेस पार्षद है। उसकी पत्नी सुकृति कुर्रे उसे छोड़कर बलौदाबाजार जिले के चंदेरी गांव में अपने प्रेमी (सरकारी कर्मचारी) नंदकुमार पात्रे के घर रहने लगी थी।

**प्रेमी और परिवार पर किया हमला**

जिसे वापस लाने के लिए 2 जून को मां और भाई समेत 10 से 15 लोगों के साथ चंदेरी आया था। रात करीब 11 बजे नंदकुमार पात्रे के घर का दीवार फांदकर अंदर घुसे और आंगन में रखे लाठी-डंडे से प्रेमी और परिवार पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

**इलाज के दौरान प्रेमी की मौत**

इस हमले में नंदकुमार के सिर पर गंभीर चोटें आई। जिसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि, घायल अनिता पात्रे और गोवर्धन पात्रे को रायपुर रेफर किया गया है। जहां इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि, नंदकुमार पात्रे मुंगेली जिले के जल संसाधन विभाग पथरिया में पदस्थ था।

**पुलिस बोली- अवैध संबंध का है मामला**

एसडीओपी आशीष अरोरा ने बताया कि, पहली



नजर में यह मामला अवैध संबंध का लग रहा है। नंदकुमार का शादीशुदा महिला से अवैध संबंध था। इस घटना में शामिल पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

## बेमेतरा में दिनदहाड़े चली गोली

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिले में दिनदहाड़े गोली चली है। बाइक सवार 3 बदमाशों ने युवक चौधरी तस्लीम के पैर में गोली मारी है। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद वो खुद ही चलकर जिला अस्पताल पहुंचा। जहां इलाज चल रहा है। घटना की वजह साफ नहीं हो पाई है। मामला दुर्ग रोड के कंतेली के पास का है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# कोरबा में कांग्रेस की ज्योत्सना और जांजगीर में भाजपा की कमलेश शुरू से बढ़त पर

## आईटी कॉलेज मतगणना स्थल पर तीन लेयर की सुरक्षा

**कोरबा।** लगभग एक महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों की असली तस्वीर सामने आते-आते शाम होना तय है। सामान्य लोकसभा सीट कोरबा पर कांग्रेस की मौजूदा सांसद ज्योत्सना महंत की बढ़त 8 हजार के आसपास है। पड़ोसी जांजगीर सीट पर भाजपा की कमलेश जांगड़े ने दोपहर तक लगभग 35 हजार की बढ़त बना ली थी। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के लिए केवल कोरबा ही उम्मीद दिखा रही है जबकि बाकी 10 सीटों पर भाजपा का प्रदर्शन पहले की तरह होता दिखाई दे रहा है।

तीसरे चरण में 7 मई को कोरबा और जांजगीर सीट के लिए मतदान हुआ था। कोरबा में 74 प्रतिशत और जांजगीर में इससे कम मतदान हुआ था। मतदान के प्रतिशत को लेकर कई प्रकार की अटकलें लगाई जा रही थी और इस आधार पर हार-जीत का आंकलन हो रहा था। 27 दिन की लंबी प्रतीक्षा के बाद आज सुबह से निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रशासन के द्वारा की गई पुख्ता तैयारी के बीच कोरबा के झगरहा स्थित आईटी कॉलेज में मतगणना सुबह 8 बजे शुरू हुई। मतगणना स्थल पर प्रशासन की देखरेख में तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। मतगणना कर्मियों को विशेष परिचय पत्र दिए गए। कक्ष के बाहर राजनीतिक दलों के अधिकृत एजेंट की उपस्थिति दर्ज हुई। पोस्टल बैलेट की गिनती सबसे पहले हुई। कांग्रेस के लिए यहां से ही अनुकूलता रही। ईवीएम पर पड़े मतों की गिनती का काम 8.30 बजे प्रारंभ हुआ। कोरबा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोरबा, जीपीएम, बैकुंठपुर और एमसीबी जिले की 8 विधानसभा सीटों में अधिकांश चरणों में कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने बढ़त बनाए रखी। बीच में कुछ चरण ऐसे आए जब भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे को सरगुजा संभाग की विधानसभा सीटों से बढ़त प्राप्त हुई। उन्होंने कांग्रेस की लीड को एक समय आधा भी कर दिया लेकिन इसके बाद में अंतर बढ़ता चला गया।

उधर जांजगीर लोकसभा से भाजपा की कमलेश जांगड़े ने अपने जीवन का पहला चुनाव लड़ा और सशक्त प्रदर्शन कर उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके मुकाबले कांग्रेस ने यहां से पिछली राज्य सरकार में नगरीय निकाय मंत्री रहे डॉ. शिव डहरिया को उतारा है। कमलेश ने इस सीट पर शुरुआती चरण से ही बढ़त बनाए रखी जो लगातार जारी है। जबकि एक भी मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी को बढ़त बनाने का अवसर नहीं मिला।







## समर्थकों की भावभंगिमाएं बदलती रहीं मौके पर

मतगणना स्थल से पर्याप्त दूरी पर राजनीतिक दलों के टेंट लगे हुए थे जहां पर उन्होंने पल-पल के अपडेट के लिए व्यवस्था कर रखी थी। कई प्रकार की सुविधाएं कार्यकर्ताओं के लिए यहां मुहैया कराई गई। हर चरण की जानकारी सामने आने के साथ समर्थकों के चेहरे की भावभंगिमाएं भी बदलती रही। कांग्रेस खेमा को इस दौरान खुश देखा गया जबकि भाजपा कार्यकर्ता मायूस स्थिति में दिखे। हालांकि बातचीत में उन्होंने यह भी कहा कि बचे हुए चरणों का उन्हें इंतजार है।

## खोमचा कारोबारी हुए खुश

मतगणना स्थल के मुख्य प्रवेश द्वार से बाहर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ सुबह से लगी रही जो यहां की स्थिति जानने को लालायित थी। उनकी जररूत पूरा करने के लिए नास्ते की दुकानें लगी रहीं। अच्छे कारोबार से कारोबारी खुश दिखे।

## कोरबा को छोड़ प्रदेश में हर कहीं भाजपा आगे

लोकसभा चुनाव को लेकर दोनों प्रमुख पार्टियों की ओर से जो दावे किए गए उसमें आखिरकार कांग्रेस को मायूस होना पड़ा। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कोरबा की सीट बचा पाने में कांग्रेस का प्रयास सफल हो सकता है। छत्तीसगढ़ की अन्य 10 सीटों में कांग्रेस मुकाबले से काफी पीछे है। शुरुआत से ही उसका प्रदर्शन इन सभी 10 सीटों पर लचर रहा है। रायपुर लोकसभा सीट पर स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की बढ़त 1 लाख के आसपास हो गई है। दूसरे नंबर पर रायगढ़ सीट से भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया हैं जो 85 हजार वोट से आगे चल रहे हैं। वहीं कांग्रेस लोकसभा सीट से भाजपा के भोजराम नाथ ने 30 हजार से ज्यादा की बढ़त बनाए रखी है। सरगुजा में भाजपा के चिंतामणी महराज की लीड 42 हजार से उपर की है। वहीं जांजगीर लोकसभा सीट पर भाजपा की कमलेश जांगड़े ने 33900 वोट की बढ़त जारी रखी है। राजनांदगांव लोकसभा सीट में भाजपा के संतोष पांडे 8 हजार मतों से और महासमुंद में भाजपा की रूप कुमारी चौधरी 6 हजार वोट से आगे चल रही हैं।

## लोकसभा क्षेत्र के अब तक के परिणाम

| | | |
|---|---|---|
| 2009 | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
| | डॉ. चरणदास महंत ( कांग्रेस ) | 3,14,616 |
| | करूणा शुक्ला ( भाजपा ) | 2,93,879 |
| | हार-जीत का अंतर | 20,737 |
| 2014 | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
| डॉ. बंशीलाल महतो ( भाजपा ) | | 4,39,002 |
| डॉ. चरणदास महंत ( कांग्रेस ) | 4,34,737 | |
| हार-जीत का अंतर | 4,265 | |
| 2019 | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
| ज्योत्सना महंत ( कांग्रेस ) | 5,23,310 | |
| ज्योतिनंद दुबे ( भाजपा ) | 4,97,061 | |
| हार-जीत का अंतर | 26249 | |
| 2024 | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
| ज्योत्सना महंत ( कांग्रेस ) | बढ़त | गिनती जारी |
| सरोज पांडेय ( भाजपा ) | पीछे | -''- |
| हार-जीत का अंतर | -- | -- |

## विधानसभावार मतदाता व वोटिंग

| विधानसभा | कुल वोटर | प्रतिशत |
|---|---|---|
| भरतपुर सोनहत | 1,77,927 | 82 |
| मनेन्द्रगढ़ | 1,35,437 | 71.02 |
| बैकुंठपुर | 1,70,777 | 79.16 |
| रामपुर | 2,24,860 | 77.8 |
| कोरबा | 2,62,242 | 63.16 |
| कटघोरा | 2,16,972 | 74.65 |
| पाली-तानाखार | 2,32,709 | 79.5 |
| मरवाही | 1,97,940 | 78.01 |

## आखिर किस फैक्टर ने किया काम, अब इस पर मंथन

दोपहर तक जिस तरह की परिस्थितियां मतगणना से तैयार हुई है उसके साथ ही छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के हालिया प्रदर्शन पर मंथन भी शुरू हो गया है। अब तक के नतीजों को लेकर राजनीति के जानकारों ने विश्लेषण करना भी प्रारंभ कर दिया है। छत्तीसगढ़ में शुरू से ही भाजपा आश्वस्त थी कि वह लगभग सभी सीटों को जीतने की स्थिति में है जबकि कांग्रेस का दावा 4 से 5 सीटों को जीतने को लेकर हो रहा था। छत्तीसगढ़ में सत्ता संभाल रही भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों और अपने 100 दिन के कार्यकाल के माध्यम से जनहित के लिए किये गए कार्यों के आधार पर लोकसभा चुनाव को लड़ा। वहीं कांग्रेस पूरी तरह आश्वस्त थी कि गरीबों के खाते में हर साल एक लाख रुपए डालने और जातिगत जनगणना सहित कई मुद्दों पर उसे अच्छा खासा लाभ हो सकेगा। दोनों पार्टियों ने इन्हीं मुद्दों को हर कहीं जमकर उभारने की कोशिश की। इन सबसे परे नतीजे जो अब तक सामने है और इनमें अंतिम समय तक बहुत ज्यादा फेरबदल होने की संभावना नजर नहीं आ रही है।

# केराकछार में जल मिशन के कार्यों का लाभ नहीं

## रोड को खोदने से लोग नाराज

**कोरबा।** ग्राम पंचायत केराकछार में नल जल योजना के तहत किए गए कार्यों में गुणवत्ताहीन कार्य व भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है। मामले में उपसरपंच, पंच व ग्रामीणों ने शिकायत कलेक्टर से की है। ग्राम पंचायत केराकछार के उपसरपंच बाबूलाल, पंच जयराम, शकुंतला सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा किए गए शिकायत में कहा गया है कि नल जल योजना के कार्य में ठेकेदार द्वारा व्यापक स्तर पर गुणवत्ताहीन कार्य किया गया है। लोटानपारा मोहल्ला में जेसीबी के द्वारा पूरे रोड की खुदाई कर दी गई है। पूरे गांव के सीसी रोड को जगह-जगह खोदकर छोड़ दिया गया है। जिसकी आज तक मरम्मत नहीं की जा रही है। घर-घर में पानी के लिए बने प्लेटफार्म व पाइप गुणवत्ताहीन है। जिसके कारण वह उपयोग होने से पहले टूट गए हैं।

वर्तमान में लगभग 380 घरों में पानी पहुंच रहा है। जहां पानी पहुंच रहा है वहां भी मात्रा पर्याप्त नहीं है। ठेकेदार द्वारा ग्राम पंचायत के किए गए टंकी, बोरवेल्स में अपना पंप लगाकर सप्लाई की खानापूर्ति की जा रही है। बजरंग चौक से दुकाल सागर तक 15 वर्ष पूर्व बने टंकी में गंदगी बनी हुई है जिसे सफाई कराई जाए। उन्होंने नल जल - के कार्यों की जांच कर कार्रवाई की मांग कही है।

# प्लेटफार्म नंबर 2 में नहीं चल रहै पंखे, यात्री परेशान

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कोरबा रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए कई काम चल रहे हैं लेकिन इन सब के बीच मुश्किल यह है कि प्लेटफार्म नंबर दो में लगे हुए कई पंखे अरसे से बंद पड़े हैं। गर्मी के मौसम में यहां यात्रियों को प्रतीक्षा करने के दौरान काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

भारत सरकार की अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत कोरबा का चयन किया गया है और करोड़ों के काम स्वीकृत किए जाने के साथ क्रियान्वयन की दिशा में कार्यवाही शुरू की गई है। स्टेशन के प्रवेश द्वार से आगे की तरफ से नया फुट ओवर ब्रिज तैयार किया जा रहा है जो प्लेटफार्म नंबर दो और तीन को जोड़ेगा। इसके अलावा सभी प्लेटफार्म में शेड के विस्तार का कार्य भी चल रहा है। इन कार्यों के पूरा होने से यात्रियों को भविष्य में राहत मिल सकेगी लेकिन असली मसला वर्तमान की चुनौतियों से है। अब की स्थिति में कोरबा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो में लगे हुए कई पंख बंद है और इसी प्रकार की स्थिति के बीच यहां से यात्री गाड़ियों को रवाना किया जा रहा है। कुछ गाड़ियां भी यहां पर आती हैं ऐसे में यात्रियों को कुछ समय बिताने के दौरान भारी गर्मी में परेशान होना पड़ रहा है। लोगों की शिकायत क्या है कि इस मामले में क्षेत्रीय रेल प्रबंधक सीधे मुह बात करने को तैयार नहीं है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी लोगों ने इस परेशानी के बारे में अधिकारियों को जानकारी देने की कोशिश की है लेकिन काफी समय गुजारने के बाद भी समाधान के लिए उचित कदम नहीं उठाए गए। मौजूदा परिस्थितियों में सवाल खड़ा होता है कि जब सामान्य सुविधाओं को ही बेहतर नहीं किया जा रहा है तो फिर दूसरा इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने का आखिर औचित्य क्या है।





# कोर्ट ने सुनाई आरोपी को कठोर कारावास की सजा

**कोरबा।** चेक बाउंस के मामले में कोरबा की प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने बालकोनगर निवासी एक आरोपी को एक वर्ष की कठोर कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपी ने पंजाब नेशनल बैंक की निहारिका कोसाबाड़ी शाखा को लोन की अदायगी के लिए चेक जारी किया था जो बाउंस हो गया था।

मिली जानकारी के अनुसार राजेश कुमार महंत पिता बीरादास महंत निवासी साडा कालोनी के पीछे उस्मान खान चाल बालकोनगर ने दिनांक 28 जुलाई 2012 को पंजाब नेशनल बैंक की निहारिका-कोसाबाड़ी स्थित शाखा से 5 लाख 70 हजार रुपए का ऋण लिया था। आरोपी द्वारा ऋण की अदायगी नियमित रूप से नहीं किये जाने पर यह एनपीए की श्रेणी में 7 अप्रैल 2017 को आ गया था। जिस पर ऋण अदायगी के लिए बैंक प्रबंधक द्वारा कहे जाने पर आरोपी द्वारा दिनांक 1 जुलाई 2021 को चेक क्रमांक 147302 रुपए 6 लाख 98 हजार 425 रुपए 35 पैसे का चेक बैंक के नाम पर दिया गया, जो खाते में पर्याप्त रकम नहीं होने के कारण अगले दिन यानि 2 जुलाई 2021 को बाउंस हो गया। इसकी सूचना आरोपी को बैंक की ओर से लिखित में देते हुए पुनः भुगतान करने का निवेदन किया गया लेकिन आरोपी द्वारा टालमटोल किया जाता रहा और ऋण की अदायगी में कोई रूचि नहीं दिखाई गई जिस पर बैंक की ओर से अधिवक्ता धनेश सिंह के माध्यम से आरोपी महंत को नोटिस जारी किया गया और ऋण का भुगतान तत्काल करने को कहा गया। अधिवक्ता के नोटिस के बावजूद जब आरोपी ने ऋण का भुगतान नहीं किया तो इसे प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा की अदालत में वाद दायर करते हुए ले जाया गया जिस पर अदालत ने सुनवाई करते हुए आरोपी को एक वर्ष कठोर कारावास तथा 8 लाख 93 हजार 984 रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपी द्वारा अर्थदंड नहीं दिए जाने पर 8 माह कारावास की पृथक सजा काटनी होगी।

# रिश्ते का कत्ल, आरोपी को दो जीवन का कारावास

**कोरबा।** पढ़ाई को लेकर नसीहत दिए जाने पर मां और बहन की हत्या करने वाले आरोपी बेटे को कोर्ट ने दो जीवन के कारावास की सजा दी है।

मामले की सुनवाई करीब दो साल तक प्रथम अपर सत्र न्यायालय में चलती रही। कोर्ट ने दोषसिद्ध होने पर दोषी को दो बार आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक कटघोरा अशोक आनंद के मुताबिक घटना 8 जुलाई 2022 की सुबह घटित हुई थी। कुसमुंडा के आदर्श नगर कालोनी के आवास क्रमांक डीएमक्यू-16 में अमन कुमार दास अपने परिवार के साथ निवास करता था। वह पढ़ाई लिखाई करने के बजाय आवारागर्दी करता था। जिसे लेकर मां व बहन के हत्यारे को दोहरा आजीवन कारावास मां लक्ष्मी दास व बड़ी बहन आंचल दास डांटती डपटती थी। यह बात अमन को नागवार गुजरता था। उसने डांट फटकार से नाराज होकर मां व बहन की निर्मम हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे हत्या के दो अलग अलग प्रकरण में कार्रवाई करते हुए कोर्ट पेश किया गया। जिला एवं सत्र न्यायालय कोरबा द्वारा प्रकरण को सुनवाई के लिए प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा श्रीमती मधु तिवारी के कोर्ट में प्रेषित किया गया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट में पर्याप्त साक्ष्य व सबूत पेश किया गया। कोर्ट ने विचारण में आए तथ्यों, डीएनए रिपोर्ट, रासायनिक परिक्षण व सूक्ष्म परिशीलन कर प्रकरण में धारा 302 के तहत दोषसिद्ध होने पर दोषी को दो बार आजीवन कारावास तथा 3-3 हजार अर्थदंड से दंडित किया है।

## मुक्तिधाम में लगाए 400 पौधे, सभी जीवित

**कोरबा।** सर्वमंगला नगर स्थित मुक्तिधाम में पिछले वर्ष लगाए गए 400 पौधे संरक्षण के साथ बचा लिये गए हैं। इनका बेहतर विकास होने से लोग खुश हैं। शिक्षक भानू यादव ने बताया कि अनेक नवयुवकों के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण अंतर्गत इस काम को किया गया था। लगातार इन पौधों पर ध्यान दिया गया।

# तेज हवा के असर से धराशायी हुई बिजली खंभे, आपूर्ति बाधित



**कोरबा।** नौतपा के बाद तापमान का पारा गिरा है। जिससे लोगों ने आंशिक राहत महसूस की है। शाम के बाद अचानक मौसम बदला। तेज अंधड़ चलने लगी, जिससे बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई। कई स्थानों पर पेड़ गिरे हैं। वहीं पाली क्षेत्र में विद्युत पोल धराशायी हो गए। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में घंटो बिजली आपूर्ति व्यवस्था बाधित रही।

नगर पंचायत पाली और आसपास के क्षेत्रों में तेज आंधी तूफान के साथ तेज बारिश ने जमकर कहर बरपाया। जिससे कई पेड़ उखड़ गए तो बिजली के खंबे भी धराशायी हो गए। बिजली व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गई। चौहान पेट्रोल पंप के सामने मुख्य मार्ग पर 11 केवी बिजली खंभा झुक गया और बिजली के तार टूट कर सड़क पर गिर गए। इसके अलावा शहरी क्षेत्र में भी आंधी तूफान से कई स्थानों में फाल्ट आ गया। जिससे शहर में लगभग एक से दो घंटे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इसके बाद भी बिजली की आवाजाही का सिलसिला बना रहा। ग्रामीण इलाकों में देर रात तक आपूर्ति व्यवस्था सुधर नहीं सकी थी। जिससे लोगों को परेशानी हुई।

## जेसीसी की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट में कोयला कामगारों की समस्याओं को लेकर जेसीसी बैठक बुलायी गई। इस बैठक में डंपर आपरेटरों को ओटी सहित पेयजल की समस्या पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में कहा गया कि डंपर आपरेटरों के साथ मतभेद नहीं होना चाहिए। सभी क्षेत्र के डंपर आपरेटरों का ध्यान रखा जाए। इस बैठक में छंदराम राठौर, वीरेन्द्र राठौर, कुलदीप कुमार ने पेयजल की समस्या को भी जोरशोर से उठाया। इनका कहना था कि खदान क्षेत्र एवं कालोनी क्षेत्र में भी पेयजल की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा जो धूल उड़ रहे हैं उसे रोकने के लिए और प्रयास किये जाने की जरूरत है।

आवश्यकता है
होटल में कार्य करने हेतु एकाउंटेंट की।
-:संपर्क करें :-
7999550112
8815220759
होटल शीला ग्रीन हरिमंगलम
डी.डी.एम. स्कूल रोड कोरबा ( छ.ग. )







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com